Samyak

An Institute For Civil Services

# करेंट अफेयर्स

## द्विमासिक समसामयिकी

मई - जून: 2023



### विशेष आकर्षण

- अंतर्राष्ट्रीय घटनाचक्र
- राष्ट्रीय घटनाचक्र
- राजस्थान घटनाचक्र
- राजस्थान सुजस सार
- रक्षा/विज्ञान प्रौद्योगिकी
- आर्थिक घटनाचक्र
- खेल जगत

सभी प्रतियोगी परीक्षाओ के लिए उपयोगी

## अनुक्रमणिका


| | | |
|---|---|---|
| 1. | अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम | 1 – 8 |
| 2. | राष्ट्रीय घटनाक्रम | 9 – 13 |
| 3. | राजस्थान | 14– 15 |
| 4. | सुजस सार (मई-जून) | 16 – 19 |
| 5. | रक्षा/विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | 20 – 21 |
| 6. | आर्थिक घटनाक्रम | 22 – 23 |
| 7. | खेल | 24– 26 |


# अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम

### अरब लीग में फिर शामिल हुआ सीरिया

- एक दशक से अधिक के निलंबन के बाद मई 2023 में अरब लीग ने सीरिया को फिर से संगठन में शामिल कर लिया है। ज्ञात हो कि सरकार विरोधी प्रदर्शनों पर हिंसक रूप से कानूनी कार्रवाई के बाद वर्ष 2011 में सीरिया को अरब लीग से निलंबित कर दिया गया था।
- **अरब लीग :-** अरब लीग यानी लीग ऑफ अरब स्टेट्स (LAS) मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका के सभी अरब देशों का एक अंतर-सरकारी समग्र-अरब संगठन (pan-Arab organisation) है। वर्ष 1944 में अलेक्जेंड्रिया प्रोटोकॉल को अपनाने के बाद 22 मार्च, 1945 को काहिरा, मिस्र में इसका गठन किया गया था। वर्तमान में 22 अरब देश (अल्जीरिया, बहरीन, कोमोरोस, जिबूती, मिस्र, इराक, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, लीबिया, मॉरिटानिया, मोरक्को, ओमान, फिलिस्तीन, कतर, सऊदी अरब, सोमालिया, सूडान, सीरिया, ट्यूनीशिया, संयुक्त अरब अमीरात और यमन) इसके सदस्य हैं। इसका उद्देश्य अपने सदस्यों के राजनीतिक, सांस्कृतिक, आर्थिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों को मजबूती प्रदान करना तथा उन्हें समन्वयित करना और उनके बीच या उनके एवं तीसरे पक्ष के बीच विवादों की मध्यस्थता करना है।

### पीटर्सबर्ग जलवायु संवाद-2023

- जलवायु परिवर्तन विषय पर 1-2 मई 2023 को बर्लिन, जर्मनी में 'पीटर्सबर्ग संवाद' का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि जर्मनी और संयुक्त अरब अमीरात जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (United Nations Framework Convention on Climate Change-UNFCCC) के पक्षकारों के 28वें सम्मेलन (COP28) की मेजबानी कर रहे हैं।
- **पीटर्सबर्ग संवाद:-** पीटर्सबर्ग जलवायु संवाद संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (United Nations Climate Change Conferences- COP) से पहले आयोजित एक वार्षिक उच्च स्तरीय राजनीतिक एवं अंतरराष्ट्रीय मंच है। इसकी शुरुआत वर्ष 2010 में जर्मनी की पूर्व चांसलर एंजेला मर्केल ने की थी। इस फोरम का उद्देश्य पक्षकारों के जलवायु परिवर्तन सम्मेलनों में सफल वार्ताओं की तैयारी करना है।

### चक्रवात 'मोखा'

- चक्रवाती तूफान 'मोखा' ने मई 2023 में म्यांमार में काफी नुकसान पहुंचाया। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा अत्यधिक गंभीर चक्रवाती तूफान और विश्वभर की मौसम वेबसाइट जूम अर्थ द्वारा इसे 'सुपर साइक्लोन' के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इस तूफान की उत्पत्ति बंगाल की खाड़ी में हुई थी। इस चक्रवात में हवा की गति 277 किलोमीटर प्रति घंटे रिकॉर्ड की गई।

### विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2023

- रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (RSF) द्वारा विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 3 मई को विश्व प्रेस स्वतंत्रता

सूचकांक 2023 प्रकाशित किया गया। 180 देशों को लेकर जारी इस सूचकांक में 36.62 अंक के साथ भारत 161वें स्थान पर है, वर्ष 2022 में भारत का रैंक 150 था।

- **तीन शीर्ष प्रदर्शनकर्ता देश:-** नॉर्वे, आयरलैंड और डेनमार्क
- **सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले देश:-** वियतनाम, चीन और उत्तर कोरिया

### मोदी का जापान, पापुआ न्यू गिनी, ऑस्ट्रेलिया दौरा

- भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 19-24 मई, 2023 को जापान, पापुआ न्यू गिनी और ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर रहे। सर्वप्रथम उन्होंने जापान में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। यहां से वे 21 मई को पापुआ न्यू गिनी पहुंचे।
- **FIPIC शिखर सम्मेलन:-** भारत-प्रशांत द्वीप समूह सहयोग मंच (FIPIC) का तीसरा शिखर सम्मेलन 22 मई, 2023 को पोर्ट मोरेस्बी, पापुआ न्यू गिनी में आयोजित किया गया। भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मरापे के साथ इसकी सह-अध्यक्षता की। सम्मेलन में 14 प्रशांत द्वीपीय देशों ने भाग लिया। इस दौरान भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पापुआ न्यू गिनी के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार- ग्रैंड कम्पैनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ लोगोहू से सम्मानित किया गया।
- **12-पॉइंट विकास कार्यक्रम:-** सम्मेलन के दौरान भारत ने PIC में स्वास्थ्य सेवा, साइबर स्पेस, स्वच्छ ऊर्जा, जल और छोटे एवं मध्यम उद्यमों के क्षेत्रों में '12-पॉइंट विकास कार्यक्रम' का अनावरण किया, जिसके अनुसार:-
  - भारत, फिजी में एक सुपर-स्पेशियलिटी कार्डियोलॉजी अस्पताल स्थापित करेगा। सभी 14 PIC में डायलिसिस यूनिट एवं समुद्री एम्बुलेंस शुरू करेगा और सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने हेतु जन औषधि केंद्र भी स्थापित करेगा।
  - भारत प्रत्येक प्रशांत द्वीपीय देश में छोटे और मध्यम स्तर के उद्यम क्षेत्र के विकास का समर्थन करेगा।
  - भारत ने जल की कमी के मुद्दों को दूर करने हेतु अलवणीकरण इकाइयां प्रदान करने का भी संकल्प लिया है।
- **FIPIC:-** PIC के साथ भारत का जुड़ाव 'इंडिया एक्ट ईस्ट पॉलिसी' का हिस्सा है। 'फोरम फॉर इंडिया-पैसिफिक आइलैंड्स कोऑपरेशन (FIPIC)' PIC के लिए एक्ट ईस्ट पॉलिसी शीर्षक के अंतर्गत शुरू की गई एक प्रमुख पहल है। FIPIC भारत और 14 PIC अर्थात् कुक-आइलैंड्स, फिजी, किरिबाती, मार्शल-आइलैंड्स, माइक्रोनेशिया, नाउरू, निउ, पलाऊ, पापुआ न्यू गिनी, समोआ, सोलोमन आइलैंड्स, टोंगा, तुवालु और वानुअतु के मध्य सहयोग के लिए विकसित एक बहुराष्ट्रीय समूह है। इसकी स्थापना नवम्बर, 2014 में की गई थी तथा प्रथम शिखर सम्मेलन वर्ष 2014 में सुवा, फिजी में और द्वितीय वर्ष 2015 में जयपुर, भारत में आयोजित किया गया था।
- **उद्देश्य:-** व्यापार, निवेश, पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, अक्षय ऊर्जा, आपदा प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में PICs के साथ भारत के संबंधों को मजबूत करना। FIPIC पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर संवाद एवं परामर्श के लिए मंच भी प्रदान करता है।
- **ऑस्ट्रेलिया प्रवास:-** 22-24 मई को पीएम मोदी ने ऑस्ट्रेलिया में आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। सिडनी में एक सामुदायिक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी और मेजबान प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस ने सिडनी के एक उपनगर 'हैरिस पार्क' का नाम बदलकर 'लिटिल इंडिया' करने की घोषणा की। दोनों देशों के नेताओं की वार्ता के बाद भारत-ऑस्ट्रेलिया प्रवासन और गतिशीलता साझेदारी व्यवस्था और हरित हाइड्रोजन कार्यबल समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

### जी-7 शिखर सम्मेलन

- जी-7 के 49वें शिखर सम्मेलन का आयोजन 19-21 मई 2023 को जापान के हिरोशिमा में किया गया। सम्मेलन में सदस्य देशों- जापान, इटली, कनाडा, फ्रांस, अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी और यूरोपीय संघ ने भाग लिया। साथ ही ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, इंडोनेशिया, कुक आइलैंड, कोमरोस, दक्षिण कोरिया, वियतनाम व भारत को भी आमंत्रित किया गया। संगठनों के रूप में संयुक्त राष्ट्र, आईएमएफ, डब्ल्यूटीओ, आईईए, विश्व बैंक और विश्व स्वास्थ्य संगठन रहे।

**सम्मेलन में विशेष:-**

» वर्ष 2025 तक वैश्विक स्तर पर न्यूनतम उत्सर्जन की आवश्यकता पर बल दिया है।

» जी-7 जीवाश्म ईंधन के उपयोग को समाप्त करने के लिए एक विशिष्ट समय-सीमा निर्धारित नहीं करता है, लेकिन

1.5 डिग्री सेल्सियस प्रक्षेपवक्र के अनुरूप असंतुलित जीवाश्म ईंधन की चरणवार समाप्ति को तेज करने के लिए प्रतिबद्ध है।

» जी-7 ने वर्ष 2050 तक नेट-जीरो स्थिति प्राप्त करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया और अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं से भी ऐसा करने का आग्रह किया।

» पीएम मोदी ने हिराशिमा में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण भी किया।

- **जी-7:-** यह एक अंतर-सरकारी संगठन है, जिसका गठन वर्ष 1975 में किया गया था। वैश्विक आर्थिक शासन, अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा और ऊर्जा नीति जैसे सामान्य हित के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए समूह की वार्षिक बैठक होती है। इसके सदस्य देशों में यूनाइटेड किंगडम, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान और अमेरिका शामिल हैं। जी-7 का कोई औपचारिक चार्टर या सचिवालय नहीं है। प्रेसीडेंसी जो प्रत्येक वर्ष सदस्य देशों के बीच आवंटित होती है, एजेंडा तय करने हेतु प्रभारी होती है।
- **क्वाड लीडर्स समिट :-** क्वाड लीडर्स समिट का आयोजन 23 मई, 2023 को जी-7 शिखर सम्मेलन के अवसर पर किया गया था। इसमें भारत के प्रधानमंत्री, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन और जापान के प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा शामिल हुए।

### ये घोषणाएं हुईं:-

- घरेलू और अंतरराष्ट्रीय जलवायु नीतियों पर अपने प्रयासों का समन्वय करने के लिये एक नया क्वाड क्लाइमेट वर्किंग ग्रुप लॉन्च करना।
- तकनीकी सहायता, क्षमता निर्माण और वित्तपोषण तंत्र के माध्यम से हिंद-प्रशांत देशों में स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के परिनियोजन का समर्थन करने के लिए क्वाड क्लीन एनर्जी पार्टनरशिप की स्थापना करना।
- सूचना साझा करने, सर्वोत्तम प्रथाओं और मानकों के विकास के माध्यम से समुद्री परिवहन के डीकार्बोनाइजेशन को बढ़ावा देने हेतु क्वाड ग्रीन शिपिंग नेटवर्क का समर्थन करना।
- संयुक्त अभ्यास, प्रशिक्षण और सूचना साझा करने के माध्यम से आपदा जोखिम में कमी तथा प्रबंधन पर सहयोग का विस्तार करना।
- वनों, आर्द्रभूमियों तथा मैंग्रोव जैसे पारिस्थितिक तंत्रों के संरक्षण और बहाली के माध्यम से जलवायु शमन एवं अनुकूलन के लिए प्रकृति-आधारित समाधानों का समर्थन करना।
- **क्वाड:-** क्वाड चार लोकतंत्रों भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान का एक समूह है। सभी चारों राष्ट्र लोकतांत्रिक होने के कारण इनकी एक समान आधारभूमि है और निर्बाध समुद्री व्यापार एवं सुरक्षा के साझा हित का भी समर्थन करते हैं। इसका उद्देश्य मुक्त, स्पष्ट और समृद्ध इंडो-पैसिफिक क्षेत्र सुनिश्चित करना तथा उसका समर्थन करना है। क्वाड का विचार पहली बार वर्ष 2007 में जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने रखा था। हालांकि यह विचार आगे विकसित नहीं हो सका, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया पर चीन के दबाव के कारण ऑस्ट्रेलिया ने स्वयं को इससे दूर कर लिया। अंततः वर्ष 2017 में भारत, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान ने एक साथ आकर इस चतुर्भुज गठबंधन का गठन किया।

## वैश्विक AI शासन के लिए हिरोशिमा AI प्रोसेस

- हिरोशिमा AI प्रोसेस (HAP), जिसके दिसम्बर 2023 तक पूरा होने की उम्मीद है, को हाल ही में जापान के हिरोशिमा में वार्षिक जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान लॉन्च किया गया था। यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के नियमन की दिशा में काफी महत्त्वपूर्ण कदम है।
- HAP का उद्देश्य भरोसेमंद AI के एक सामान्य दृष्टिकोण और लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समावेशी AI शासन और अंतर-संचालनीयता पर अंतरराष्ट्रीय चर्चाओं को सुविधाजनक बनाना है। यह देशों और क्षेत्रों में जनरेटिव AI की बढ़ती प्रमुखता की पहचान करता है तथा इससे जुड़े अवसरों एवं चुनौतियों का समाधान करने की आवश्यकता पर बल देता है।

## आसियान शिखर सम्मेलन

- दक्षिण पूर्व एशियाई देशों का संगठन (आसियान) के 42वें शिखर सम्मेलन का आयोजन 9-11 मई 2023 को इंडोनेशिया में किया गया। सम्मेलन की अध्यता इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने की।
- **आसियान:-**Association of South East Asian Nations-ASEAN के 10 सदस्य हैं। इसकी स्थापना 8 अगस्त, 1967 को पांच देशों इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर व थाइलैंड द्वारा बैंकॉक घोषणापत्र के साथ की गई थी। 1984 में ब्रूनेई, 1995 में वियतनाम, 1997 में लाओस व म्यांमार तथा 1999 में कंबोडिया इसके सदस्य बने। वहीं, 08 देशों ऑस्ट्रेलिया, चीन, जापान, भारत, न्यूजीलैण्ड, रूस, दक्षिण कोरिया और अमेरिका को प्रमुख सहयोगी राष्ट्र का दर्जा प्राप्त है। आसियान का मुख्यालय इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में स्थित है।

## समुद्री गठबंधन से यूएई की वापसी

- संयुक्त अरब अमीरात ने अमेरिका के नेतृत्व वाले संयुक्त समुद्री बल (Combined Maritime Force-CMF) से अपनी वापसी की घोषणा की है।
- **CMF:-** यह वैश्विक तेल व्यापार में विशेष भूमिका निभाने वाले महत्त्वपूर्ण और अस्थिर खाड़ी जल को सुरक्षित करने के लिए जिम्मेदार गठबंधन है। वर्ष 2001 में स्थापित CMF 12 देशों के बीच एक भागीदारी के रूप में शुरू हुआ और तब से संयुक्त अरब अमीरात सहित 38 भागीदार देशों को शामिल करने के लिए इसका विस्तार किया गया है।

## सुरक्षा परिषद में 5 नए अस्थायी सदस्य

- संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में दो वर्षीय कार्यकाल के लिए पांच नए अस्थाई सदस्यों का चुनाव 6 जून 2023 को किया गया। नव निर्वाचित सदस्य अल्जीरिया, गुयाना, कोरिया गणराज्य, सिएरा लियोन एवं स्लोवेनिया 1 जनवरी 2024 को अपना कार्यकाल संभालेंगे। ये सदस्य 31 दिसम्बर 2023 को कार्यकाल समाप्त होने वाले अल्बानिया, ब्राजील, गैबॉन, घाना और संयुक्त अरब अमीरात का स्थान लेंगे।
- **सुरक्षा परिषद :-**सुरक्षा परिषद में पांच स्थायी सदस्यों (अमरीका, रूस, फ्रांस, चीन और ब्रिटेन) के अलावा 10 अस्थायी सदस्य होते हैं। अस्थायी सदस्यों का कार्यकाल दो वर्ष का होता है। सुरक्षा परिषद के लिए महासभा द्वारा प्रतिवर्ष 5 अस्थायी सदस्यों का चुनाव किया जाता है।
- **यह भी जानें :-**भारत अब तक 8 बार (1950-51, 1967-68, 1972-73, 1977-78, 1984-85, 1991-92, 2011-2012, 2021-2022) सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य रह चुका है। जबकि, जापान सर्वाधिक 11 बार सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य रह चुका है।

## चीन ने रोका यूएन का प्रस्ताव

- संयुक्त राष्ट्र द्वारा पकिस्तान मूल के LeT आतंकियों को वैश्विक आतंकी के रूप में नामित करने या फिर ब्लैकलिस्ट करने के प्रस्ताव पर चीन ने रोक लगा दी है। सितम्बर 2022 में चीन ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा पेश किए गए इस प्रस्ताव को विचाराधीन रखने का फैसला किया था। भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 अल कायदा प्रतिबंध समिति के तहत 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों में शामिल होने के मामले में एक वांछित व्यक्ति को ब्लैकलिस्ट करना था।

## खुले समुद्र में जीव रक्षा पर यूएन संधि

- खुले समुद्र (राष्ट्रीय सीमाओं से बाहर का समुद्र) में समुद्री जीवन की रक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र के सदस्य संधि पर सहमत हुए हैं। यूएन के 193 सदस्यों ने 19 जून 2023 को इसके लिए मंजूरी प्रदान की। नई संधि 20 सितम्बर 2023 को यूएन महासभा में हस्ताक्षर के लिए रखी जाएगी। 60 देशों द्वारा हस्ताक्षर के साथ ही यह संधि प्रभाव में आ जाएगी। इसके तहत वर्ष 2030 तक विश्व के 30 प्रतिशत महासागरों को संरक्षित किया जाएगा।

## नेपाल के पीएम की भारत यात्रा

- नेपाल के प्रधानमंत्री जून 2023 में भारत की चार दिवसीय यात्रा पर रहे। इस दौरान भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से वार्ता के बाद दोनों देशों के बीच निम्न समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए-
  - » भारत और नेपाल ने आने वाले वर्षों में नेपाल से 10,000 मेगावाट बिजली के आयात को लक्षित करते हुए एक दीर्घकालिक विद्युत व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए।
  - » फुकोट कर्णाली जलविद्युत परियोजना और लोअर अरुण जलविद्युत परियोजना के विकास के लिए नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन (NHPC), भारत तथा विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड, नेपाल के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
  - » दोनों प्रधानमंत्रियों ने पंचेश्वर बहुउद्देशीय परियोजना पर ठोस और समयबद्ध प्रगति की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की जिसका उद्देश्य महाकाली नदी के साझा जल संसाधनों के दोहन में सहयोग बढ़ाना है।
  - » नेपालगंज (नेपाल) और रूपईडीहा (भारत) में एकीकृत चेकपोस्ट (ICP) स्थापित किया गया, जिससे सीमा पार व्यापार को बढ़ावा मिला और माल और लोगों की आवाजाही सुविधाजनक हुई।
  - » संशोधित पारगमन संधि पर 1 जून, 2023 को हस्ताक्षर किए गए, जो नेपाल को भारत के अंतर्देशीय जलमार्गों तक पहुँच प्रदान करेगी। इससे नेपाल तीसरे देशों के साथ अपने व्यापार के लिए हल्दिया, कोलकाता, पारादीप और विशाखापत्तनम जैसे भारतीय बंदरगाहों का उपयोग करने में सक्षम होगा।

## रोजगार कार्य समूह की तीसरी बैठक

- भारत की G20 अध्यक्षता के तहत जिनेवा, स्विट्जरलैंड स्थित अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) मुख्यालय में जून 2023 में रोजगार कार्य समूह (Employment Working Group-EWG) की तीसरी बैठक आयोजित की गई। यह बैठक, जो कि ILO के वार्षिक अंतरराष्ट्रीय श्रम सम्मेलन के साथ संरेखित है, जी-20 सदस्य देशों, अतिथि देशों एवं अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन, आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD), अंतरराष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संघ (ISSA), विश्व बैंक सहित अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों को एक साथ लाती है।
- **प्राथमिक क्षेत्र:-** भारत की प्रेसीडेंसी में वर्ष 2023 में EWG के लिए तीन प्राथमिक क्षेत्रों की पहचान की गई है:-
  1. वैश्विक कौशल अंतराल को संबोधित करना
  2. गिग, प्लेटफॉर्म इकॉनमी और सामाजिक सुरक्षा
  3. सामाजिक सुरक्षा का स्थायी वित्तपोषण
- **बैठक के चरण:-** EWG बैठक विभिन्न शहरों में चार अलग-अलग चरणों में आयोजित की गई। पहला चरण फरवरी 2023 में जोधपुर, राजस्थान में आयोजित किया गया था। दूसरा चरण अप्रैल 2023 में गुवाहाटी, असम में आयोजित किया गया। तीसरा चरण जिनेवा में 31 मई से 2 जून 2023 तक आयोजित किया जा रहा है। चौथा और अंतिम चरण जुलाई 2023 में इंदौर, मध्य प्रदेश में आयोजित किया जाएगा।
- **रोजगार कार्य समूह:-** रोजगार कार्य समूह (EWG) जी-20 ढांचे के भीतर स्थापित एक फोरम है जो रोजगार, श्रम बाजारों और सामाजिक नीतियों से संबंधित मुद्दों का समाधान करता है। यह चर्चाओं में शामिल होने, अनुभव साझा करने और रोजगार संबंधी मामलों पर नीतिगत सिफारिशों के लिए जी-20 सदस्य देशों तथा संबंधित अंतरराष्ट्रीय संगठनों के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है।
- **अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन:-** ILO संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी है जिसका कार्य अंतरराष्ट्रीय श्रम मानकों को स्थापित करके सामाजिक और आर्थिक न्याय को आगे बढ़ाना है। राष्ट्र संघ के तहत अक्टूबर 1919 (वर्साय की संधि) में स्थापित यह संयुक्त राष्ट्र की पहली और सबसे पुरानी विशेष एजेंसी है। यह एक त्रिपक्षीय संरचना है जो अपने 187 सदस्य राज्यों से सरकारों, नियोक्ताओं और श्रमिकों के प्रतिनिधियों को एक साथ लाती है। भारत अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन का संस्थापक सदस्य है।

## रूस-यूक्रेन संघर्ष पर इंडोनेशिया का शांति प्रस्ताव

- इंडोनेशिया के रक्षा मंत्री ने 3 जून 2023 को सिंगापुर में शांगरी-ला वार्ता रक्षा शिखर सम्मेलन के दौरान एक शांति योजना पेश की जिसका उद्देश्य रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष को हल करना था।

### इंडोनेशिया का शांति प्रस्ताव:-

  » शत्रुता की तत्काल समाप्ति
  » वर्तमान स्थितियों में युद्धविराम
  » विसैन्यीकृत क्षेत्रों की स्थापना
  » संयुक्त राष्ट्र-संगठित जनमत संग्रह

- **शांगरी ला डायलॉग:-** शांगरी ला डायलॉग (SLD) सिंगापुर में एक स्वतंत्र थिंक टैंक, इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्टडीज (IISS) द्वारा आयोजित एक वार्षिक अंतर-सरकारी सुरक्षा सम्मेलन है। डायलॉग में रक्षा मंत्रियों, मंत्रालयों के स्थायी प्रमुखों और ज्यादातर एशिया-प्रशांत राज्यों के सैन्य प्रमुखों के साथ-साथ विधायकों, अकादमिक विशेषज्ञों, पत्रकारों एवं व्यापारिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। संवाद का नाम सिंगापुर में शांगरी-ला होटल के नाम पर रखा गया है, जहाँ यह वर्ष 2002 से आयोजित किया जा रहा है। फोरम का उद्देश्य क्षेत्र में रक्षा और सुरक्षा समुदाय में सबसे महत्त्वपूर्ण नीति निर्माताओं के बीच समुदाय की भावना पैदा करना एवं व्यावहारिक सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देना है।

## पीएम मोदी का मिश्र

- भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत और मिस्र के बीच द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा करने के लिए वर्ष 1997 के बाद पहली बार 24-25 जून, 2023 को मिस्र का दौरा किया है। मिस्र की सरकार ने मोदी को देश के सर्वोच्च सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द नाइल' से सम्मानित किया। यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद रक्षा और सुरक्षा, आर्थिक जुड़ाव वैज्ञानिक और शैक्षणिक सहयोग, सांस्कृतिक और जनसंपर्क क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।
- **अल-हकीम मस्जिद:-** भारत के प्रधानमंत्री ने काहिरा में स्थित 11वीं सदी की अल-हकीम मस्जिद का दौरा किया, जिसे भारत के दाऊदी बोहरा समुदाय द्वारा बहाल किया गया था।

### पीएम मोदी का संयुक्त राज्य अमेरिका का दौरा

- भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 21-24 जून 2023 को संयुक्त राज्य अमेरिका के दौरे पर रहे। इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करना था तथा आम चुनौतियों का समाधान करने, वैश्विक मुद्दों पर एक रुख अपनाने, महत्त्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकी में सहयोग करने, सतत् विकास को बढ़ावा देने एवं स्वच्छ ऊर्जा की ओर बदलाव पर ध्यान केंद्रित किया गया था।

**यात्रा में विशेषः-**

- **सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करनाः-** माइक्रोन प्रौद्योगिकी, इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन के सहयोग से एक नई सेमीकंडक्टर असेंबली और परीक्षण सुविधा में निवेश करेगी।
- **उन्नत दूरसंचार अनुसंधानः-** ओपन RAN प्रणाली के विकास और उसके उपयोग के साथ-साथ अत्याधुनिक दूरसंचार अनुसंधान तथा विकास हेतु भारत और अमेरिका द्वारा सार्वजनिक-निजी संयुक्त कार्य बल की स्थापना की गई है।
- **अंतरिक्ष के क्षेत्र में NASA-ISRO सहयोगः-** भारत ने अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए शांतिपूर्ण, टिकाऊ और पारदर्शी सहयोग हेतु प्रतिबद्ध 26 अन्य देशों में शामिल होकर आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।
- **क्वांटम, उन्नत कंप्यूटिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ताः** क्वांटम प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और उन्नत वायरलेस प्रौद्योगिकियों पर संयुक्त अनुसंधान की सुविधा के लिए भारत-अमेरिका संयुक्त क्वांटम समन्वय तंत्र की स्थापना की गई है।
- **फाइबर ऑप्टिक्स निवेशः** भारत के स्टरलाइट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने कोलंबिया, दक्षिण कैरोलिना के पास ऑप्टिकल फाइबर केबल विनिर्माण इकाई की स्थापना हेतु 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश किया है, जो भारत से ऑप्टिकल फाइबर के 150 मिलियन डॉलर के वार्षिक निर्यात को संभव बनाएगी।
- **अत्याधुनिक अनुसंधानः** यूएस नेशनल साइंस फाउंडेशन का भारत के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के साथ संयुक्त अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग है तथा उभरती प्रौद्योगिकियों पर भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ एक नई सहयोगात्मक व्यवस्था के तहत समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- **इनोवेशन हैंडशेकः** यूएस-इंडिया इनिशिएटिव ऑन क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी (iCET) का समर्थन करने हेतु यूएस-इंडिया कमर्शियल डायलॉग दोनों देशों के स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्रों को जोड़ने के लिए एक नया 'इनोवेशन हैंडशेक' लॉन्च करेगा।
- **रक्षा साझेदारीः-** भारत में GE के F414 लड़ाकू विमान इंजनों के सह-उत्पादन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है जिससे अमेरिकी जेट इंजन प्रौद्योगिकी के और अधिक हस्तांतरण की सुविधा प्राप्त होगी। खुफिया, निगरानी और टोही क्षमताओं में वृद्धि करने के लिए भारत जनरल एटॉमिक्स से सशस्त्र MQ-9B सी-गार्जियन UAV खरीदना चाहता है। रक्षा प्रौद्योगिकियों पर संयुक्त नवाचार को बढ़ावा देने के लिए भारत-अमेरिका रक्षा त्वरण पारिस्थितिकी तंत्र (INDUS-X) की शुरुआत की गई है, यह भारत के निजी क्षेत्र के रक्षा उद्योग को अमेरिकी रक्षा क्षेत्र के साथ एकीकृत करता है।

**भारत-अमेरिका के बीच हुए चार रक्षा समझौते :-**

1. भू-स्थानिक जानकारी के लिए बुनियादी विनिमय और सहयोग समझौता (BECA)
2. सैन्य सूचना सामान्य सुरक्षा समझौता (GSOMIA)
3. लॉजिस्टिक्स एक्सचेंज मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट (LEMOA)
4. संचार अनुकूलता और सुरक्षा समझौता (COMCASA)

## चर्चित स्थान

### सित्वे बंदरगाह

- भारत और म्यांमार ने 9 मई 2023 को संयुक्त रूप से म्यांमार के रखाइन राज्य में सित्वे बंदरगाह का लोकार्पण किया, जो राज्य की स्थानीय अर्थव्यवस्था में योगदान करते हुए द्विपक्षीय एवं क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ाने में एक महत्त्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। परियोजना का उद्देश्य म्यांमार में कलादान नदी के माध्यम से भारतीय बंदरगाहों के साथ मिजोरम के लिए एक वैकल्पिक संपर्क मार्ग प्रदान करना है। इसमें हल्दिया से सित्वे बंदरगाह तक जहाजरानी, कलादान नदी के माध्यम से सित्वे से पलेटवा तक अंतर्देशीय जल परिवहन, पलेटवा से भारत-म्याँमार सीमा तक सड़क परिवहन और भारत में NH 54 के लिए सड़क परिवहन जैसे खंड शामिल हैं। सित्वे बंदरगाह भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित कलादान मल्टी-मोडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट का हिस्सा है, जो भारत के पूर्वी तट को जलमार्ग और सड़कों के माध्यम से उत्तर-पूर्वी राज्यों से जोड़ने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### मेयॉन ज्वालामुखी

- मेयॉन ज्वालामुखी फिलीपीन द्वीप के दक्षिण-पूर्व में स्थित है। फिलीपीन का लेगास्पि शहर इस सक्रिय ज्वालामुखी से घिरा हुआ है। यह अपने शंक्वाकार आकार के लिए जाना जाता है और फिलीपींस के 24 ज्ञात ज्वालामुखियों में सबसे अधिक सक्रिय है।
- **चर्चा में क्यों:-** 11 जून, 2023 को मेयॉन ज्वालामुखी से लावा निकलने के कारण लगभग 18,000 लोगों को आपातकालीन आश्रयों में भागने के लिए मजबूर होना पड़ा।

## नियुक्ति

### डेनिस फ्रांसिस

- त्रिनिदाद और टोबैगो के वरिष्ठ राजनयिक डेनिस फ्रांसिस को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र के अध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से 1 जून 2023 को निर्वाचित हुए हैं। उल्लेखनीय है कि महासभा का 78वां सत्र 5 सितम्बर 2023 से प्रारम्भ होगा।

### सेलेस्ते साउलो

- अर्जेंटीना की प्रो. सेलेस्ते साउलो को विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) की पहली महिला महासचिव 1 जून 2023 को नियुक्त किया गया है। वे 1 जनवरी 2024 को पदभार संभालेंगी। वे इस पद पर प्रो. पेट्टेरी तलाश का स्थान लेंगी। वर्तमान में साउलो WMO की प्रथम महिला उपाध्यक्ष हैं।

## पुरस्कार

### वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम प्राइज

- जेल में बंद तीन महिला पत्रकारों- ईरान की निलोफर हमीदी, इलाहेह मोहम्मदी और नरगिस मोहम्मदी को सच्चाई एवं जवाबदेही के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए यूनेस्को वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम प्राइज 2023 से सम्मानित किया गया है। इस पुरस्कार की स्थापना वर्ष 1997 में की गई थी। यह प्रतिवर्ष किसी ऐसे व्यक्ति, संगठन या संस्था को दिया जाता है जिसने प्रेस की स्वतंत्रता में उत्कृष्ट योगदान दिया हो।

### बुकर पुरस्कार

- बुल्गारिया के लेखक जॉर्जी गोस्पोडिनोव और अनुवादक एंजेला रोडेल ने 'टाइम शेल्टर' के लिए अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार 2023 जीता है। यह एक डार्क कॉमिक उपन्यास है जिसमें अतीत को एक प्रकार से पुनर्जीवित होते हुए प्रदर्शित किया गया है। 50,000 पाउंड की पुरस्कार राशि को लेखक और अनुवादक के बीच बांटा गया है। ज्ञात हो कि वर्ष 2022 में भारतीय लेखिका गीतांजलि श्री को 'रेत के मकबरे' के लिए तथा अमेरिकी अनुवादक डेजी रॉकवेल को उसके अंग्रेजी अनुवाद (Tomb of Sand) के लिए अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

### कान फिल्म महोत्सव

- फ्रांस के कान फिल्म महोत्सव का आयोजन 16-27 मई 2023 को किया गया। मेवेन द्वारा निर्देशित फिल्म 'जीने डू बरी' महोत्सव की उद्घाटन फिल्म थी।

**ये रहे विजेता:-**

» **सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पाम डिओर-** एनाटोमी ऑफ ए फॉल

» **सर्वश्रेष्ठ निर्देशक** - त्रान एन्ह हंग

» **सर्वश्रेष्ठ अभिनेता-** कोजी याकुशो (फिल्म-परफेक्ट डेज)

» **सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री**-मर्व दिजदार (फिल्म-अबाउट ड्राई ग्रासेज)

### PEN पिंटर पुरस्कार-2023

- प्रसिद्ध कवि और लेखक माइकल रोसेन को उनके साहित्यिक योगदान के लिए प्रतिष्ठित PEN पिंटर पुरस्कार, 2023 से सम्मानित किया गया।
- **यह भी जानें:-** PEN पिंटर पुरस्कार की स्थापना वर्ष 2009 में इंग्लिश PEN संस्था द्वारा की गई थी, जो एक वैश्विक साहित्यिक नेटवर्क का संस्थापक केंद्र है, यह संस्था साहित्य और मानवाधिकारों को बढ़ावा देती है। इस पुरस्कार का नाम हेरोल्ड पिंटर के नाम पर रखा गया था, जो इंग्लिश PEN के उपाध्यक्ष और इंटरनेशनल PEN राइटर्स इन प्रिजन कमेटी के सक्रिय सदस्य थे। इस पुरस्कार का उद्देश्य दूसरों की गरिमा और अधिकारों की रक्षा के लिए लेखन कार्य करने वाले लेखकों की पहचान करना है। यह पुरस्कार प्रतिवर्ष यूनाइटेड किंगडम, आयरलैंड गणराज्य, राष्ट्रमंडल अथवा पूर्व राष्ट्रमंडल में रहने वाले किसी लेखक को प्रदान किया जाता है।

## चर्चित पुस्तकें

- **स्मोक एंड ऐशजः ए राइटर्स जर्नी थ्रो ओपियम्स हिडन हिस्ट्रीज** - अमिताब घोष

- **कलेक्टिव स्पिरिट, कंक्रीट एक्शन** – शशि शेखर वेम्पति
- **द इंडियन मेट्रो पोलिस- डिकॉन्स्ट्रक्शनिंग इंडियाज अर्बन स्पेसेज** – फिरोज वरुण गांधी
- **मेड इन इंडिया:75 इयर्स ऑफ बिजनेस एंड एंटरप्राइज** – अभिताब कांत
- **रिबेल्स अगेंस्ट द राज: वेस्टर्न फाइटर्स फॉर इंडियाज फ्रीडम** – रामचंद्र गुहा
- **थ्रो द ब्रोकन ग्लास: एन ऑटोबायोग्राफी** – टी.एन. शेषन
- **रिंग साइड** – डॉ. विजय दर्डा

## प्रमुख दिवस/सप्ताह/वर्ष

### मई

» 1 मई – अन्तरराष्ट्रीय श्रम दिवस
» 2 मई – विश्व अस्थमा दिवस
» 3 मई – विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस
» 4 मई – अन्तरराष्ट्रीय अग्निशमन दिवस
» 8 मई – अंतरराष्ट्रीय थैलीसीमिया दिवस,
» विश्व रैडक्रास दिवस
» 11 मई – राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस,
» विश्व प्रवासी पक्षी दिवस
» 12 मई – अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस
» 15 मई – अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस
» 17 मई – विश्व दूरसंचार और सूचना समाज दिवस
» 18 मई – अन्तरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस
» 21 मई – आतंकवाद निरोधक दिवस
» 22 मई – अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस
» 29 मई – संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षकों के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस
» 30 मई – हिन्दी पत्रकारिता दिवस
» 31 मई – विश्व तम्बाकू निषेध दिवस

### जून

» 1 जून – विश्व दुग्ध दिवस,
» अन्तरराष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस
» 3 जून – विश्व साइकिल दिवस
» 5 जून – विश्व पर्यावरण दिवस
» 7 जून – विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस
» 12 जून – विश्व बालश्रम निषेध दिवस
» 14 जून – विश्व रक्तदान दिवस
» 19 जून – अंतरराष्ट्रीय यौन हिंसा उन्मूलन दिवस
» 20 जून – विश्व शरणार्थी दिवस
» 21 जून – अंतरराष्ट्रीय योग दिवस,
» विश्व संगीत दिवस
» 29 जून – राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस

सम्यक सारथी
100 DAYs Hand Holding
Online Program For
RAS Prelims
4000+ Questions+
- (Content + PYQs + Mind Maps + Daily Test + Value Addition Videos + Live Session)
- Coverage of Imp. Topics Current Affairs + High Yield Areas i.e Eco Review/ Budget /Schemes Etc.
Admission Open For Info. 9875170111

# राष्ट्रीय घटनाक्रम

### पोषण भी, पढ़ाई भी

- केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री ने सरकार के प्रमुख कार्यक्रम 'पोषण भी, पढ़ाई भी' की शुरुआत की, जो देशभर के आंगनवाड़ियों में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (Early Childhood Care and Education- ECCE) पर केंद्रित होगा। ECCE मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 (मिशन पोषण 2.0) का महत्त्वपूर्ण घटक है, जिसकी परिकल्पना राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत की गई है
- 'पोषण भी, पढ़ाई भी' ECCE नीति द्वारा प्रस्तुत किए गए परिवर्तनों के माध्यम से प्रत्येक बच्चे को प्रतिदिन कम-से-कम दो घंटे उच्च-गुणवत्ता वाली प्री-स्कूल शिक्षा प्रदान की जाएगी। उल्लेखनीय है कि देशभर में करीब 13.9 लाख आंगनवाड़ी केंद्र कार्यरत हैं जिनमें 6 वर्ष से कम उम्र के लगभग 8 करोड़ लाभार्थी बच्चों को पूरक पोषण और प्रारंभिक देखभाल एवं शिक्षा प्रदान की जा रही है।

### भारत का नया संसद भवन

- भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 28 मई 2023 को देश के नए संसद भवन का उद्घाटन किया जो पुनर्निर्मित सेंट्रल विस्टा परियोजना का हिस्सा है। आर्किटेक्ट बिमल पटेल द्वारा डिजाइन किए गए नए संसद भवन का निर्माण वर्ष 2019 में शुरू हुआ था। त्रिभुजाकार स्वरूप वाले चार मंजिला नए संसद भवन का निर्मित क्षेत्र 64500 वर्ग मीटर है।

### केरल देश का पहला पूर्णतः ई-शासित राज्य

- केरल देश का पहला पूर्णतः ई-शासित राज्य बन गया है। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने 25 मई 2023 को इसकी घोषणा की। ई-शासन के मद्देनजर राज्य में सरकारी सेवाओं की एक पूरी श्रृंखला का डिजिटलीकरण किया गया है, जिससे नागरिकों को तुरन्त और पारदर्शी रूप से सुविधाएं प्रदान की जा सकें।

### भोपाल, SDG प्रगति को ट्रैक करने वाला पहला शहर

- संयुक्त राष्ट्र द्वारा अनिवार्य सतत् विकास लक्ष्यों (SDG) को हासिल करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता और क्षमता प्रदर्शित करने हेतु स्वैच्छिक स्थानीय समीक्षा को अपनाने वाला भोपाल देश का पहला शहर बन गया है।
- सतत् विकास के वैश्विक एजेंडे के लिए वर्ष 2030 एजेंडा को व्यावहारिक स्थानीय रणनीतियों में स्थानीयकृत किए जाने से निर्दिष्ट लक्ष्यों की समग्र प्राप्ति में मदद मिलने की संभावना है। भोपाल का स्वैच्छिक स्थानीय समीक्षा (VLR) भोपाल नगर निगम, यूएन-हैबिटेट और विभिन्न स्थानीय हितधारकों के बीच सहयोग का परिणाम है, जिसका उद्देश्य स्थायी तथा समावेशी शहरी परिवर्तन की दिशा में शहर के प्रयासों को प्रदर्शित करना है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2015 में संयुक्त राष्ट्र के सभी 193 सदस्य देशों ने एजेंडा 2030 को अपनाया, जिसमें 17 SDG और 169 प्रयोजन शामिल हैं। न्यूयॉर्क शहर वर्ष 2018 में HLPF को अपना VLR प्रस्तुत करने वाला पहला शहर था।

### नीति आयोग का वार्षिक स्वास्थ्य सूचकांक 2020-21

- नीति आयोग की ओर से मई 2023 में 'वार्षिक स्वास्थ्य सूचकांक 2020-21' जारी किया।

**राज्यों का स्थान:-**

- **बड़े राज्य:-** 19 बड़े राज्यों में केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना ने समग्र प्रदर्शन के मामले में क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया है। बिहार (19वां), उत्तर प्रदेश (18वां) और मध्य प्रदेश (17वां) सूची में अंतिम स्थान पर हैं।
- **छोटे राज्य:-** 8 छोटे राज्यों में त्रिपुरा ने सर्वश्रेष्ठ समग्र प्रदर्शन दर्ज किया है, इसके बाद सिक्किम और गोवा का स्थान है। अरुणाचल प्रदेश (6वां), नगालैंड (7वां) और मणिपुर (8वां) सूची में अंतिम स्थान पर हैं।
- **केंद्र शासित प्रदेश:-** 8 केंद्रशासित प्रदेशों में लक्षद्वीप को समग्र प्रदर्शन के मामले में शीर्ष प्रदर्शनकर्त्ता के रूप में स्थान दिया गया है, जबकि दिल्ली को सबसे अंतिम स्थान प्राप्त हुआ है।

## भारत का पहला अन्तरराष्ट्रीय क्रूज पो एमवी एम्प्रेस

- केंद्रीय पोत, नौवहन एवं जलमार्ग और आयुष मंत्री ने चेन्नई से श्रीलंका के लिए भारत के पहले अंतरराष्ट्रीय क्रूज पोत, एमवी एम्प्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस महत्त्वपूर्ण आयोजन में चेन्नई स्थित अंतरराष्ट्रीय क्रूज पर्यटन टर्मिनल का उद्‌घाटन किया गया। एमवी एम्प्रेस तीन श्रीलंकाई बंदरगाहों हनबंटोटा, त्रिंकोमाली और कांकेसंतुरेई पर जाएगा।

## NIRF रैंकिंग 2023

- राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) द्वारा वर्ष 2023 के लिए रैंकिंग की घोषणा की गई, जिसमें भारत के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों की उत्कृष्टता और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास ने लगातार 5वें वर्ष समग्र रैंकिंग में शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जबकि भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलूरू को सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय के रूप में स्थान दिया गया।

### प्रमुख शीर्ष रैंकिंगः-

- **अग्रणी इंजीनियरिंग संस्थानः-** IIT मद्रास ने लगातार 8वें वर्ष भारत में शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थान के रूप में अपना प्रभुत्त्व बनाए रखा है। IIT दिल्ली और IIT बॉम्बे क्रमशः दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रहे।
- **शीर्ष प्रबंधन संस्थानः-** भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद ने भारत में अग्रणी प्रबंधन संस्थान के रूप में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। इसके बाद IIM बेंगलूरू और IIM कोझिकोड का स्थान रहा।
- **शीर्ष विधि संस्थानः-** नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी, बेंगलूरू देश में शीर्ष विधि संस्थान के रूप में उभरी है। नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, दिल्ली ने दूसरा स्थान हासिल किया और NALSAR यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, हैदराबाद को तीसरा स्थान मिला।
- **शीर्ष फार्मेसी संस्थानः-** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, हैदराबाद को भारत में अग्रणी फार्मेसी संस्थान के रूप में मान्यता दी गई। इसके बाद जामिया हमदर्द और बिट्स पिलानी का स्थान रहा।
- **शीर्ष कॉलेजः-** दिल्ली विश्वविद्यालय रैंकिंग में अग्रणी रहा, इसके पांच कॉलेजों ने भारत के शीर्ष 10 कॉलेजों में स्थान हासिल किया। मिरांडा हाउस ने अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा, जबकि हिंदू कॉलेज ने दूसरा स्थान हासिल किया।

## राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक

- भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) की ओर से विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य में 7 जून, 2023 को 5वें राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक (SFSI) का अनावरण किया गया। यह सूचकांक पांच महत्त्वपूर्ण मापदंडों, अर्थात् मानव संसाधन और संस्थागत डेटा, अनुपालन, खाद्य परीक्षण- बुनियादी ढांचा एवं निगरानी, प्रशिक्षण तथा क्षमता निर्माण एवं उपभोक्ता अधिकारिता पर राज्य/ केंद्रशासित प्रदेशों के प्रदर्शन पर आधारित है।

### शीर्ष प्रदर्शनकर्त्ता बड़े राज्यः-

1. केरल
2. पंजाब
3. तमिलनाडु

### शीर्ष प्रदर्शनकर्त्ता छोटे राज्यः-

1. गोवा
2. मणिपुर
3. सिक्किम

### शीर्ष प्रदर्शनकर्त्ता केन्द्र शासित प्रदेशः-

1. जम्मू-कश्मीर
2. दिल्ली
3. चंडीगढ़

- **यह भी जानेंः-** FSSAI ने ईट राइट इंडिया आंदोलन की शुरुआत की है जो निम्नलिखित तीन प्रमुख विषयों पर आधारित हैः-

1. यदि यह सुरक्षित नहीं है, तो यह भोजन नहीं है (सुरक्षित भोजन)
2. भोजन केवल स्वाद के लिए ही नहीं बल्कि शरीर और मन के लिए भी होना चाहिए (स्वस्थ आहार)
3. भोजन लोगों और ग्रह दोनों के लिए अच्छा होना चाहिए (स्थायी आहार)

## वैश्विक पवन दिवस

- नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) द्वारा 15 जून, 2023 को 'पवन-ऊर्जाः पॉवरिंग द फ्यूचर ऑफ इंडिया' की थीम के साथ वैश्विक पवन दिवस मनाया गया। MNRE ने वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरण ीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य निर्धारित किया है।
- **वैश्विक स्थितिः-** विश्व का सबसे विशाल पवन ऊर्जा बाजार चीन है जिसकी क्षमता 237 GW से अधिक है। इसके बाद अमेरिका और जर्मनी का स्थान है। भारत विश्व में पवन ऊर्जा क्षमता (अप्रेल 2023 तक 42.8 GW के साथ) में चौथे स्थान पर है।

### पीएम-प्रणाम योजना

- आर्थिक मामलों की केबिनेट समिति ने कृषि प्रबंधन हेतु वैकल्पिक पोषक तत्त्वों का संवर्द्धन (Promotion of Alternate Nutrients for Agriculture Management Yojana- PM PRANAM) योजना को मंजूरी दी है जिसका उद्देश्य जैव उर्वरकों के उपयोग से धरती की उर्वरता को पुनर्स्थापित और पोषित करना है। इसकी घोषणा केंद्र सरकार द्वारा 2023-24 के बजट में की गई थी।

### भारत सरकार-यूएन संयुक्त विकास सहयोग ढांचा

- नीति आयोग और संयुक्त राष्ट्र ने भारत सरकार-संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास सहयोग ढांचा (Government of India-United Nations Sustainable Development Cooperation Framework (GoI-UNSDCF) 2023-2027 पर हस्ताक्षर किए हैं। यह ढांचा विकास हेतु भारत के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के साथ संरेखित करता है और इसका उद्देश्य सतत् विकास लक्ष्य को प्राप्त करना है, जिसमें लैंगिक समानता, युवा सशक्तीकरण एवं मानव अधिकारों पर जोर दिया गया है।
- **सामरिक स्तंभ और परिणाम क्षेत्र:** - GoI-UNSDCF 2023-2027 को एजेंडा, 2030 से प्राप्त चार सामरिक स्तंभों पर बनाया गया है- लोग, समृद्धि, ग्रह और भागीदारी।
- **लक्ष्य:**- GoI-UNSDCF सतत् विकास लक्ष्यों (SDG) के स्थानीयकरण एवं दक्षिण-दक्षिण सहयोग पर विशेष बल देता है, यह सतत् विकास लक्ष्यों को लागू करने और उसमें तेजी लाने में भारत के नेतृत्त्व के साथ सामंजस्य स्थापित करता है।

## चर्चित स्थान

### कीरू जलविद्युत परियोजना

- कीरू जलविद्युत परियोजना जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में स्थित चिनाब नदी पर प्रस्तावित है। परियोजना की परिकल्पना रन ऑफ रिवर योजना के रूप में की गई है। रन-ऑफ-रिवर जलविद्युत परियोजनाओं के तहत नदियों के प्राकृतिक अधोमुखी प्रवाह और सूक्ष्म टर्बाइन जनरेटर का उपयोग करके पानी द्वारा उत्पन्न की जाने वाली गतिज ऊर्जा का उपयोग किया जाता है।
- उल्लेखनीय है कि चिनाब नदी का उद्गम हिमाचल प्रदेश राज्य के लाहौल और स्पीति जिलों में ऊपरी हिमालय से होता है। इस नदी की उत्पत्ति हिमाचल प्रदेश के टांडी में दो नदियों- चंद्रा और भागा के संगम से होती है। यह सिंधु नदी में मिलने से पूर्व जम्मू-कश्मीर के जम्मू क्षेत्र से होते हुए पंजाब, पाकिस्तान के मैदानी इलाकों में प्रवाहित होती है। चिनाब नदी पर कुछ महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं/बांधों में रतले जलविद्युत परियोजना, सलाल बांध जलविद्युत परियोजना, दुल हस्ती जलविद्युत संयंत्र और पकल दुल बांध (निर्माणाधीन) शामिल हैं।
- **चर्चा में क्यों:**- केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने हाल ही में परियोजना में कथित भ्रष्टाचार की जांच के सिलसिले में दिल्ली तथा राजस्थान में कई स्थानों पर तलाशी ली है।

### शानन जलविद्युत परियोजना

- शानन जलविद्युत परियोजना ऊहल नदी (ब्यास की सहायक नदी) पर स्थित है। 110 मेगावाट की इस परियोजना को हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के जोगिंदरनगर में ब्रिटिश काल में स्थापित किया गया था।
- **चर्चा में क्यों:**- परियोजना का पट्टा मार्च 2024 में समाप्त होने वाला है। इसे लेकर पंजाब तथा हिमाचल प्रदेश के बीच विवाद छिड़ गया है। हिमाचल प्रदेश सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह इस परियोजना को समाप्त होने पर राज्य को सौंपने की मांग करते हुए पट्टे का नवीनीकरण या विस्तार नहीं करेगी।

### बहनगा बाजार

- बहनगा बाजार ओडिशा के बालासोर जिले का रेलवे स्टेशन है जहां 2 जून, 2023 को भीषण ट्रेन दुर्घटना हुई। हादसे में 200 से ज्यादा लोगों की जान गई।

## नियुक्तियां

### प्रवीण सूद

- प्रवीण सूद को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) का नया निदेशक नियुक्त किया गया है। उनका कार्यकाल दो वर्ष का होगा। इससे पूर्व वे कर्नाटक के पुलिस महानिदेशक थे। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो के निदेशक की नियुक्ति तीन सदस्यीय समिति द्वारा की जाती है जिसमें प्रधानमंत्री (अध्यक्ष), लोकसभा में विपक्ष का नेता और भारत का मुख्य न्यायाधीश या सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश शामिल होते हैं।

### सिद्धारमैया कर्नाटक के नए सीएम

- कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद सिद्धारमैया प्रदेश के नए मुख्यंत्री बने हैं। राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने 20 मई 2023 को उन्हें शपथ दिलाई। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक की 244 सदस्यीय विधानसभा के लिए 10 मई 2023 को मतदान पूर्ण हुआ था। 13 मई को आए मतगणना के परिणामों में कांग्रेस ने 135 सीटों पर जीत दर्ज की। भाजना को 66 तथा जनता दल (सेक्यूलर) को 19 सीटें प्राप्त हुईं।

### डॉ.मनोज सोनी

- डॉ. मनोज सोनी को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्होंने 16 मई 2023 को पदभार संभाला।

### अजीत कुमार मोहंती

- प्रसिद्ध भौतिक विज्ञानी और भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र के निदेश अजीत कुमार मोहंती को 'परमाणु ऊर्जा आयोग' का नया अध्यक्ष चुना गया है। उनकी नियुक्ति 66 वर्ष तक की आयु या अगले आदेश तक के लिए की गई है। वे इस पद पर डॉ. कमलेश नीलकंठ का स्थान लेंगे।

### अजय बंगा

- अजय बंगा को 2 जून 2023 को विश्व बैंक का नया अध्यक्ष चुना गया है। उनका कार्यकाल पांच वर्ष का होगा। विश्व बैंक समूह के अध्यक्ष होने के अतिरिक्त बंगा इंटरनेष्ठानल बैंक फॉर रिकंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट के कार्यकारी निदेशक मंडल के अध्यक्ष तथा अंतरराष्ट्रीय विकास संघ, अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम, बहुपक्षीय निवेश गारंटी एजेंसी एवं निवेश विवादों के निपटान के लिए अंतरराष्ट्रीय केंद्र की प्रशासनिक परिषद के निदेशक मंडल के पदेन अध्यक्ष के रूप में भी काम करेंगे।

### प्रवीण कुमार श्रीवास्तव नए सीवीसी

- राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने सतर्कता आयुक्त प्रवीण कुमार श्रीवास्तव को 29 मई, 2023 को नए केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त के तौर पर शपथ दिलाई। दिसम्बर, 2022 में सुरेश एन पटेल का कार्यकाल पूरा होने के बाद से श्रीवास्तव कार्यवाह सीवीसी के रूप में कार्य कर रहे थे। ज्ञात हो कि सीवीसी का कार्यकाल चार वर्ष अथवा 65 वर्ष की आयु जो पहले पूरी हो, तक होता है।

### सर्वोच्च न्यायालय में दो नए न्यायाधीश

- 19 मई 2023 को दो नए न्यायाधीशों- न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन ने भारत के सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण की। इनकी नियुक्ति के बाद सर्वोच्च न्यायालय में 34 न्यायाधीशों (सीजेआई सहित) की निर्धारित स्वीकृत संख्या पूर्ण हो गई है।
- **न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए योग्यताएं:-** संविधान के अनुच्छेद 124 (3) के अनुसार, एक व्यक्ति को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया जा सकता है:-
  - भारत का नागरिक हो।
  - एक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में कम-से-कम पांच साल या लगातार दो ऐसी न्यायालयों में सेवा की हो।
  - वैकल्पिक रूप से कम-से-कम दस वर्षों के लिए एक उच्च न्यायालय का अधिवक्ता या कुल मिलाकर दो या दो से अधिक विभिन्न न्यायालयों में अधिवक्ता रहा हो।
  - राष्ट्रपति की राय में एक प्रतिष्ठित न्यायविद होना चाहिए।
- **नियुक्ति:-** सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा संविधान के अनुच्छेद 124 के खंड (2) के अंतर्गत की जाती है। राष्ट्रपति सूचित नियुक्तियां करने के ि लए सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के साथ परामर्श करता है।

### अमित अग्रवाल

- केन्द्र सरकार ने अमित अग्रवाल को भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है।

### रवि सिन्हा

- वरिष्ठ आईपीएस रवि सिन्हा को भारतीय बाहरी खुफिया एजेंसी 'रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (RAW) का नया चीफ नियुक्त किया गया है। इस पद पर उन्होंने सामंत कुमार गोयल का स्थान लिया है।
- **यह भी जानें:-**RAW की स्थापना भारत के अन्तरराष्ट्रीय खुफिया मामलों को संभालने के लिए 21 सितम्बर, 1968 को गई। यह प्रधानमंत्री कार्यालय के तत्वावधान में कार्य करती है। इसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है।

## पुरस्कार

### 68वें फिल्मफेयर अवॉर्ड

- वर्ष 2022 में प्रदर्शित फिल्मों के लिए बॉलीवुड के प्रतिष्ठित 68वें फिल्मफेयर पुरस्कारों का वितरण 27 अप्रेल, 2023 को मुम्बई में किया गया। इन पुरस्कारों में सर्वाधिक 10 पुरस्कार संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित फिल्म 'गंगूबाई काठियाबाड़ी' को प्राप्त हुए।

**इन्हें मिले पुरस्कार:-**

- **सर्वश्रेष्ठ फिल्म** - गंगूबाई काठियाबाड़ी
- **सर्वश्रेष्ठ अभिनेता** - राजकुमार राव (बधाई दो)
- **सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री**-आलिया भट्ट (गंगूबाई काठियाबाड़ी)
- **सर्वश्रेष्ठ निर्देशक** - संजय लीला भंसाली
- **लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार** - प्रेम चौपड़ा

## गांधी शांति पुरस्कार

- भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा गीता प्रेस, गोरखपुर को वर्ष 2021 हेतु गांधी शांति पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की गई है।
- **यह भी जानें:**- इस वार्षिक पुरस्कार को भारत सरकार द्वारा वर्ष 1995 में महात्मा गांधी की 125वीं जयंती के उपलक्ष्य में अहिंसा के माध्यम से सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन लाने वाले लोगों की पहचान करने हेतु स्थापित किया गया था। इसमें एक करोड़ रुपए नकद राशि, एक पट्टिका और एक प्रशस्ति पत्र तथा एक उत्कृष्ट पारंपरिक हस्तकला/हथकरघा उत्पाद शामिल होता है। यह पुरस्कार भारत के राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में प्रदान किया जाता है।

## गवर्नर ऑफ द ईयर

- भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास को सेन्ट्रल बैंकिंग अवॉर्ड्स-2023 में 'गवर्नर ऑफ द ईयर' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह पुरस्कार 12 जून 2023 को लंदन में सेन्ट्रल बैंकिंग के द्वारा प्रदान किया गया। उन्हें यह पुरस्कार कोविडकाल में लिए गए फैसलों और मुद्रास्फीति के कुशल प्रबंधन के लिए दिया गया है।

## साहित्य अकादमी के बाल एवं युवा पुरस्कार

- साहित्य अकादमी ने वर्ष 2023 के लिए अपने बाल साहित्य पुरस्कार के 22 एवं युवा पुरस्कार के 20 विजेताओं की घोषणा की है।

**साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार:-**

- **हिंदी भाषा का पुरस्कार** - सूर्यनाथ सिंह (कहानी संग्रह 'कौतुक एप' के लिए)
- **अंग्रेजी भाषा का पुरस्कार** - सुधा मूर्ति (कहानी संग्रह 'ग्रैंड पेरेंट्स बैग ऑफ स्टोरीज' के लिए)
- **राजस्थानी भाषा का पुरस्कार** - किरण बादल (संस्मरण 'टाबरां री दुनिया' के लिए)

**साहित्य अकादमी युवा साहित्य पुरस्कार:-**

- **हिंदी भाषा का पुरस्कार** - अतुल कुमार राय (उपन्यास 'चांदपुर की चंदा' के लिए)
- **अंग्रेजी भाषा का पुरस्कार** - अनिरुद्ध केनिशेट्टी (कथेत्तर साहित्य 'लॉर्ड्स ऑफ डेक्कन: सदर्न इंडिया फ्रॉम द चालुक्यास टू द चोलास' के लिए)
- **राजस्थानी भाषा का पुरस्कार** - देवीलाल माहिया (कविता संग्रह 'अंतास रो ओल्मो' के लिए)





# राजस्थान घटनाक्रम

### पांच संभाग में खुलेंगे आर-केट केन्द्र

- प्रदेश के पांच सम्भागों- अजमेर, कोटा, भरतपुर, बीकानेर और उदयपुर में 'राजीव गांधी सेन्टर ऑफ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी (आर-केट)' केन्द्र खोले जाएंगे। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में इसकी घोषणा की गई थी। इन केन्द्रों के शुरू होने से प्रदेश के युवा ब्लॉक चेन, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी, मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स एवं वर्चुअल रियलिटी आदि की एडवांस्ड तकनीकों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के साथ ही इन केन्द्रों में सर्टिफिकेट कोर्स और मल्टी डिसिप्लिनरी रिसर्च भी कर सकेंगे।

### IIT जोधपुर में NTPC की रूफटॉप सौर परियोजना

- राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड (NTPC) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी NTPC विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड (NVVN) ने IIT जोधपुर, राजस्थान में अपना पहला रूफटॉप सोलर फोटोवोल्टिक प्रोजेक्ट शुरू किया है। NVVN द्वारा RESCO मॉडल के तहत एक मेगावाट ग्रिड से जुड़ी सौर परियोजना को 25 वर्ष की बिजली खरीद समझौते की अवधि के साथ लागू किया गया है।

### जयसमंद अभयारण्य में 'जंगल सफारी'

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अन्तरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर 22 मई को जयसमंद अभयारण्य में 'जंगल सफारी' का उद्घाटन किया। इसी दिन परिवहन एवं सड़क सुरक्षा राज्यमंत्री बृजेन्द्र ओला ने झुन्झुनूं के बीड़ कंजर्वेशन रिजर्व में पर्यटकों के लिए 'जंगल सफारी' का उद्घाटन किया।

### प्रदेश के चार शहर बनेंगे थ्री डी सिटी

- प्रदेश के चार शहरों- जोधपुर, जयपुर, कोटा और अजमेर में जियोग्राफिक इनफॉर्मेशन सिस्टम (जीआईएस) आधारित थ्री डी सिटी मॉडल विकसित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इन चार शहरों में जीआईएस आधारित थ्री डी सिटी और राजधरा सेटेलाइट इमेजरी रिपोजिटरी परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए 106.46 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को 20 मई, 2023 को मंजूरी प्रदान की है।
- **यह होगा लाभः**-इससे शहरों के मास्टर प्लान में लैण्ड यूज प्रस्तावित करना, नई सड़कों, फ्लाई ओवर, नई कॉलोनियों के निर्माण एवं विस्तार, ड्रेनेज प्लान सहित विभिन्न कार्यों को धरातल पर उतारने, परिवहन योजना, नगर नियोजन इत्यादि के प्रभावी आकलन, सिमुलेशन एवं योजना बनाने में आसानी होगी।

### प्रदेश के 13 शहरों में 'ग्रीन लंग्स'

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के 13 शहरों में ग्रीन लंग्स (वन क्षेत्र) विकसित करने के लिए 19 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। प्रस्ताव के अनुसार अलवर के मूंगस्का, चूरू के राजगढ़, चित्तौड़गढ़ के किला ब्लॉक एवं मंगलवाड़, राजसमंद के नाथद्वारा, बांदरिया मगरा और गणेश टेकड़ी, उदयपुर के रिसाला, बारां के खैरखेड़ी, बांसवाड़ा के श्यामपुरा, दौसा के नीलकंठ महादेव, जयपुर के कानोता बांध, टोंक के कच्चा बांध क्षेत्र में वन क्षेत्रों का विकास कर इन्हें आमजन के लिए खोला जाएगा।

### वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप बोर्ड के गठन को मंजूरी

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप बोर्ड के गठन के प्रस्ताव को जून 2023 में मंजूरी प्रदान की है। बोर्ड में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के अलावा सात गैर सरकारी सदस्य होंगे।
- **उद्देश्यः**-महाराणा प्रताप के नाम से राष्ट्रीय-अन्तरराष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार शुरू करना, मेले/प्रदर्शनी/समारोहों/सम्मेलनों/सांस्कृतिक कार्यक्रम/गोष्ठी/कवि सम्मेलनों आदि का आयोजन।

### लोक कला विकास बोर्ड के गठन को मंजूरी

- प्रदेश में लोक कला से जुड़ी विभिन्न जातियों एवं वर्गों के उत्थान के लिए मुख्यमंत्री ने जून 2023 में 'लोक कला विकास बोर्ड' के गठन सम्बन्धी प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। बोर्ड में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के अलावा सात गैर सरकारी सदस्य होंगे।

- **उद्देश्यः**-लोक कला एवं कलाकारों को वैश्विक पहचान दिलाना, रोजगार से जोड़ना, लोक कला संस्थाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करना, लोक कलाकारों को मंच उपलब्ध कराना, कलाओं का प्रचार-प्रसार आदि।

### मुख्यमंत्री चिरंजीवी श्रमिक संबल योजना

- प्रदेश के असंगठित क्षेत्र के निर्माण श्रमिक कल्याण कोष के तहत पंजीकृत सक्रिय श्रमिकों एवं चिह्नित स्ट्रीट वेंडर्स को अस्पताल में भर्ती होने के दौरान राहत पहुंचाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने 'मुख्यमंत्री चिरंजीवी श्रमिक संबल योजना-2023' के प्रारूप को मंजूरी प्रदान की है।
- **प्रारूप में यहः**-पंजीकृत सक्रिय श्रमिकों एवं चिह्नित स्ट्रीट वेंडर्स और उनके परिवार के 25-60 वर्ष की आयुवर्ग के सदस्यों को अस्पताल में भर्ती के दौरान अधिकतम 7 दिवस की आर्थिक सहायता दी जाएगी। यह सहायता लाभार्थी को स्वयं या परिवारजन के अस्पताल में भर्ती होने के न्यूनतम 24 घंटे भर्ती होने की स्थिति में मिलेगी।

### सात जिलों में खुलेंगी खेल अकादमी

- राज्य सरकार द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 7 जिलों में खेल अकादमी स्थापित करेगी।

**यहां खुलेंगी खेल अकादमीः-**

- **फुटबॉल अकादमी** - कोलिड़ा (सीकर) एवं बांसवाड़ा
- **साइक्लिंग अकादमी** - बीकानेर
- **कुश्ती अकादमी** - भीलवाड़ा
- **एथलेटिक्स अकादमी** - राजगढ़ (चूरू)
- **बास्केटबॉल अकादमी** - बाड़मेर व सीकर
- **कबड्डी अकादमी** - डीडवाना (नागौर)

### कालीतीर लिफ्ट परियोजना

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 7 जून 2023 को धौलपुर जिले की 'कालीतीर लिफ्ट परियोजना' का शिलान्यास व 'सिलावट एनीकट परियोजना' का लोकार्पण किया।
- **कालीतीर लिफ्ट परियोजनाः**-बसेड़ी विधानसभा क्षेत्र की सरमथुरा तहसील में कालीतीर लिफ्ट परियोजना के निर्माण पर 643 करोड़ रुपए व्यय होंगे। इसमें चम्बल नदी में वर्षाकाल के दौरान आने वाले अत्यधिक जल को लगभग 180 मीटर लिफ्ट कर पार्वती बांध और रामसागर बांध में भरा जाएगा।
- **सिलावट एनीकट परियोजनाः**-धौलपुर जिले की राजाखेड़ा तहसील के सिलावट गांव में उटंगन नदी पर 100 मीटर लम्बा और 2 मीटर ऊंचा एनीकट बनाया गया है। इससे आस-पास के गांवों की 12 हजार आबादी को लाभ मिलेगा।

### हस्तशिल्प एवं हथकरघा निदेशालय

- प्रदेश के शिल्पकारों तथा बुनकरों के उत्थान के लिए 'हस्तशिल्प एवं हथकरघा निदेशालय' जोधपुर में खोला जाएगा। इसका मुख्य कार्य हस्तशिल्क नीति-2022 के अनुसार विभिन्न कार्यों को सम्पादित करना रहेगा।

## नियुक्ति/निर्वाचन

### जस्टिस मसीह नए सीजे

- राज्यपाल मिश्र ने 30 मई 2023 को जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह को राजस्थान उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। जस्टिस मसीह राजस्थान उच्च न्यायालय के 41 वे मुख्य न्यायाधीश हैं। तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश पंकज मित्थल के सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश नियुक्त होने के बाद यह पद रिक्त हुआ था।

❑❑❑



# राजस्थान सुजस सार (मई-जून: 2023)

**पेयजल: राज्य की महत्वाकांक्षी परियोजनाएं**

- राज्य के 120 शहरों को सतही जल स्रोतों से तथा 62 शहरों को भूजल स्रातों से पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। शेष 46 शहरों की पेयजल योजनाएं सतही एवं भूजल के मिश्रित जल स्रोतों पर आधारित हैं। प्रदेश में कुल 43362 आबाद गांव तथा 78254 ढाणियां हैं। इनमें विभिन्न योजनाओं द्वारा 43231 गांवों तथा 69353 ढाणियों को पूर्णतः अथवा आंशिक रूप से लाभान्वित किया जा रहा है।

**प्रमुख परियोजनाएं (जल संसाधन विभाग):-**

- **पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी):-**इससे प्रदेश के 13 जिलों झालावाड़, बारां, कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, अजमेर, टोंक, जयपुर, दौसा, करौली, अलवर, भरतपुर एवं धौलपुर की वर्ष 2051 तक की पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी। इन 13 जिलों में प्रदेश की 40 प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है। परियोजना की अनुमानित लागत 37247.12 करोड़ रुपए है। इसके तहत 6 बैराज एवं एक बांध बनाया जाना प्रस्तावित है-
    1. कुन्नू बैराज- बारां जिले की शाहबाद तहसील में कुन्नू नदी पर बनेगा।
    2. रामगढ़ बैराज- बारां जिले की किशनगंज तहसील में कूल नदी पर बनेगा।
    3. महलपुर बैराज - बारां जिले के मांगरौल में बनेगा।
    4. नवनेरा बैराज- कोटा की दिगोद तहसील में कालीसिंध नदी पर बनेगा। यह सर्वाधिक भराव क्षमता वाला होगा।
    5. मेज बैराज- बूंदी जिले की इन्द्रगढ़ तहसील में मेज नदी पर बनेगा।
    6. राठौड़ बैराज- सवाई माधोपुर की चौथ का बरवाड़ा तहसील में बनास नदी पर बनेगा।
    7. डूंगरी बांध- सवाई माधोपुर की खण्डार तहसील में 2099 मिलियन घन मीटर क्षमता का डूंगरी बांध बनाया जाना प्रस्तावित है।

- **परवन वृहद् बहुउद्देशीय सिंचाई परियोजना:-** यह परियोजना कोटा, बारां एवं झालावाड़ जिले के लोगों को पेयजल, सिंचाई एवं अन्या आवश्यकताओं के लिए जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बनाई गई है। इसके तहत 490 मिलियन घन मीटर क्षमता का बांध बनाया जा रहा है। इसमें 317 मिलियन घन मीटर जल सिंचाई के लिए आरक्षित है। 50 मिलियन घन मीटर जल पेयजल, 16 मिलियन घन मीटर शेरगढ़ वन्य जीव अभयारण्य तथा 79 मिलियन घन मीटर जल तापीय विद्युत परियोजनाओं के लिए आरक्षित है।

- **धौलपुर लिफ्ट सिंचाई एवं पेयजल परियोजना:-** इस परियोजना के तहत चम्बल नदी से 6.54 क्यूमैक्स पानी प्रतिवर्ष अक्टूबर से मार्च तक लिफ्ट कर धौलपुर तहसील के 65 गांवों, मनिया के 83 गांवों, राजाखेड़ा के 86 तथा सैंपऊ के 25 गांवों को स्प्रिंकलर पद्धति द्वारा सिंचाई के लिए उपलब्ध कराना प्रस्तावित है।

- **ईसरदा पेयजल आपूर्ति परियोजना:-** ईसरदा बांध बीसलपुर के डाउन स्ट्रीम में ग्राम बनैठा तहसील उनियारा, टोंक के पास बनास नदी पर बनाया जा रहा है। इससे दौसा व सवाई माधोपुर को पेयजल आपूर्ति प्रस्तावित है।

- **मध्यम सिंचाई परियोजनाएं:-** वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान जल संसाधन मंत्रालय ने कुल 5 मध्यम सिंचाई परियोजनाओं पर काम किया है। इनमें बूंदी जिले के होलासपुरा गांव में मांगली डूंगरी नदी एवं गणेश नाला पर निर्माणाधीन गरड़दा सिंचाई परियोजना, झालावाड़ जिले के गांव कालापीपल में आहू नदी पर निर्माणाधीन गागरीन सिंचाई परियोजना, तकली मध्यम सिंचाई परियोजना (कोटा), बारां जिले के खजूरिया गांव में ल्हासी नदी पर ल्हासी सिंचाई परियोजना तथा बारां जिले के करवरी खुर्द गांव में हथियादेह मध्यम सिंचाई परियोजना शामिल हैं।

**प्रमुख परियोजनाएं (जलदाय विभाग):-**

- **चम्बल-धौलपुर-भरतपुर वृहद् पेयजल परियोजना-** 3106 करोड़ रुपए की इस परियोजना से धौलपुर जिले के 132, भरतपुर के 953 गांवों एवं भरतपुर के 8 शहरों (भरतपुर, रूपवास, उच्चैन, कुम्हेर, डीग, नगर, कामां एवं सीकरी) की वर्ष 2054 तक की लक्षित 37 लाख 88 हजार आबादी पेयजल से लाभान्तिव होगी।
- **परवन-अकावद पेयजल परियोजना-** इसे परियोजना से कोटा, बारां एवं झालावाड़ जिले के 1402 गांवों तथा 276 ढाणियों में पेयजल पहुंचेगा।

**अन्य प्रमुख परियोजनाएं:-**

- नवनेरा बैराज से कोटा, बूंदी एवं बारां की पेयजल परियोजना।
- देवनिया-नाथरू पेयजल परियोजना:- जोधपुर
- खाजूवाला जलप्रदाया योजना:- बीकानेर
- ब्यावर-जवाजा पेयजल परियोजना:- अजमेर
- बाघेरी का नाका क्षेत्रीय जलप्रदाय योजना:- राजसमंद
- जायल मातासुख पेयजल परियोजना:- नागौर
- आपणी योजना:- चूरू
- सोम-कमला-अम्बा बांध से आसापुरा की पेयजल परियोजना:- डूंगरपुर
- सुरवानिया बांध- बांसवाड़ा
- रामगंजमंडी-पचपहाड़ पेयजल परियोजन:- कोटा

**जल जीवन मिशन**

- भारत सरकार द्वारा 15 अगस्त, 2019 को जल जीवन मिशन (जेजेएम) कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की गई। जल जीवन मिशन का लक्ष्य वर्ष 2024 तक राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में सभी ग्रामीण परिवारों को हर घर जल कनेक्शन देकर 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन के आधार पर पेयजल उपलब्ध कराना है। वर्ष 2019 से अब तक प्रदेश में 29 लाख नए जल कनेक्शन दिए जा चुके हैं। 31 मार्च को एक ही दिन में 27470 कनेक्शन किए गए हैं, जो कि रिकॉर्ड है।

**जवाई कलस्टर-4 परियोजना**

- जवाई कलस्टर 4 परियोजना से बाली, सुमेरपुर एवं मारवाड़ जंक्शन क्षेत्र के कुल 224 गांवों एवं 121 ढाणियों को जवाई बांध से लाभान्वित किया जाएगा।

**इंदिरा गांधी नहर परियोजना**

- इंदिरा गांधी नहर परियोजना क्षेत्र को प्रशासनिक सुविधा के आधार पर दो चरणों में विभाजित किया गया है। हरिके बैराज से बीकानेर जिले के पूगल तक के 393 किमी क्षेत्र को प्रथम चरण कहा जाता है। इस चरण के समस्त कार्य पूर्ण हो चुके हैं। वहीं, द्वितीय चरण का कार्य प्रगतिरत है। इस चरण में मुख्य नहर की लम्बाई 256 किमी है जो पूगल से जैसलमेर से मोहनगढ़ तक है।
- इस नहर से श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, जैसलमेर, जोधपुर, चूरू, नागौर, बाड़मेर, झुन्झुनूं और सीकर जिलों को पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है अथवा कराया जाना है।

**जोधपुर के झालरा**

- मुख्यत: जोधपुर में मिलने वाले झालरा बावड़ी का ही भव्य रूप है। झालरा का आकार आयताकार या वर्गाकार होता है, जिसके तीन ओर सीढ़ियां होती हैं।
- **जोधपुर के प्रमुख झालरा:-**पंचोली केसरीसिंह का झालरा, तूरजी का झालरा, मायलाबाग का झालरा, सुखदेव तिवारी का झालरा, जाड़ेची जी का झालरा।

**मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना**

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 29 नवम्बर 2019 में 'मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना' की शुरुआत की। राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित इस योजना में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को सप्ताह में दो दिन बुधवार और शुक्रवार को पाउडर मिल्क से तैयार दूध उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना से प्रदेश के 69 लाख 22 हजार विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा बजट 2023-24 में सत्र 1 जुलाई 2023 से सप्ताह में 6 दिवस दूध उपलब्ध कराने की घोषणा की गई है।

**मुख्यमंत्री नि:शुल्क यूनिफॉर्म योजना**

- राज्य सरकार ने बजट 2021-22 में कक्षा 1 से 8 तक के विद्याथियों को नि:शुल्क यूनिफॉर्म उपलब्ध कराने की घोषणा की। इस योजना का शुभारंभ 29 नवम्बर 2022 को किया गया।

**इंदिरा प्रियदर्शिनी पुरस्कार**

- मार्च 2019 से इस पुरस्कार का वितरण किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत कक्षा 8,10 एवं 12 की बोर्ड परीक्षा में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली तथा संस्कृत शिक्षा की कक्षा 5, प्रवेशिका एवं वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

### आपकी बेटी योजना

- यह योजना वर्ष 2004-05 में लागू की गई। इसके तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले परिवारों की राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाली कक्षा 1 से 12 तक की बालिकाओं, जिनके माता-पिता दोनों अथवा एक का निधन हो गया हो, को लाभान्वित किया जाता है।

### बांसवाड़ा में केनाल परियोजना

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 12 जून 2023 को बांसवाड़ा के लंकई (बागीदौरा) में अपर लेवल कैनाल परियोजना के अन्तर्गत अनास नदी पर साइफल निर्माण और मगरदा में 2500 करोड़ रुपए की अपर हाई लेवल कैनाल परियोजना का शिलान्यास किया। इस परियोजना से जिले की 6 तहसीलों (बांसवाड़ा, बागीदौरा, गांगड़ तलाई, आनंदपुरी, कुशलगढ़ और सज्जनगढ़) के 338 गांवों को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा।

### मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना

- घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना का दायरा बढ़ाकर अब 100 यूनिट बिजली प्रतिमाह कर दिया गया है। इसका लाभ बिलिंग माह जून 2023 से दिया जा रहा है।

### गोडवाड़ देसूरी-पाली में लेपर्ड कंजर्वेशन रिजर्व

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पाली के गोडवाड़ देसूरी में लेपर्ड कंजर्वेशन रिजर्व विकसित करने तथा सिरोही के संरक्षित वन क्षेत्र वाडाखेड़ा में विभिन्न विकास कार्यों के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। उल्लेखनीय है कि बजट वर्ष 2023-24 में इसकी घोषणा की गई थी।

### अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- देश में प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष पानी की उपलब्धता 1700 घन मीटर है, जबकि राजस्थान में मात्र 640 घन मीटर है।
  - भीखाभाई सागवाड़ा नहर परियोजना:- माही नदी
  - गंग नहर:- सतलुज नदी

### प्रमुख लघु और मध्य सिंचाई परियोजनाएं:-

- नारायण सागर बांध:- अजमेर
- जय सागर बांध:- अलवर
- वैथली, ल्हासी, अंधेरी, परवन-विलास:- बारां
- बटाडू का कुआं:- बाड़मेर
- बंद बारेठा:- भरतपुर
- चाकन, मेज कनकसागर, गरदड़ा:- बूंदी
- बड़गांव वाकन, औराई, गंभीरी:- चित्तौड़गढ़
- चिरिमीरी, रेहडिया सागर, सिलिमिली, माधवसागर:- दौसा
- तालाबशाही, पार्वती, उर्मिला सागर:- धौलपुर
- साम-कमला-अंबा, गैप सागर:-डूंगरपुर
- बांकली बांध:- जालौर
- कानोता, छापरवाड़ा बांध, कालख:- जयपुर
- चोली, पीपलाद, गागरिन, कालीसिंध, छापी, भीमसागर, हरिश्चंद्र:- झालावाड़
- अजीत सागर - झुन्झुनूं
- जसवंत सागर बांध, बालसमंद, उम्मेद सागर बांध:- जोधपुर
- गोपालपुरा, तकली, अलनिया, हरिश्चंद्र सावनभाटी:- कोटा
- जवाई सागर:- पाली
- नंदसमंद:- राजसमंद
- ईसरदा, इंदिरा गांधी लिफ्ट सिंचाई, पिपलोदा, मोरेल - सवाई माधोपुर
- सुकली, सेलवाड़ा- सिरोही
- जानासागर, सोम, कागदर, मानसी वाकल परियोजना:- उदयपुर
- मेजा बांध:- भीलवाड़ा
- पांचना बांध, जग्गर:- करौली
- ठीकरिया कुम्हारिया, गलवा, गलवानिया, मासी, टोरडी सागर, बीसलपुर:- टोंक

### प्रमुख बावड़ियां:-

- रानी जी की बावड़ी, साबूनाथ की बावड़ी, दमरा व्यास, मनोहर डाकरा, मोचियों की बावड़ी, दीवान की बावड़ी, माता की बावड़ी भावलदी, नाथ की बावड़ी, माननासी, मेघनाथ की बावड़ी, नाहरघुस, गुलाब बावड़ी, पठान की बावड़ी, सांमरिया, बालचंद्र पाड़ा, अनारकली, श्याम बावड़ी, चेनराय करीला, भिश्तियों की बावड़ी:- बूंदी
  - पन्ना मीना की बावड़ी, भीकाजी की बावड़ी:- अजमेर
  - रंगमहल की बावड़ी:- सूरतगढ़
  - दूध बावड़ी:- माउंट आबू
  - हाड़ी रानी की बावड़ी:- टोडारायसिंह (टोंक)
  - गड़सीसर सरोवर:- जैसलमेर
  - मेड़तनी की बावड़ी:- झुन्झुनूं
  - नई सड़क, नापर जी की बावड़ी, व्यास, सुमन वोहरा, अनारा, धाय, हाथी, राजाराम, शिव, राम, एक चट्टान, मंडोर, गोररूंधा, चतानियां, जालाप, नैनसी, खरबूजा, पांचवा मंजीषा, रघुनाथ और तापी बावड़ी:- जोधपुर

- महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेश के सभी 33 जिला मुख्यालयों पर जून, 2019 में राजकीय महात्मा गांधी विद्यालयों (अंग्रेजी माध्यम) का संचालन शुरू किया गया। अब तक प्रदेशभर में 2753 राजकीय महात्मा गांधी अंग्रेजी विद्यालय खोले जा चुके हैं।
- प्रदेश में 316 कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है, जिनमें 43 हजार से ज्यादा बालिकाएं अध्ययनरत हैं।
- शनिवार को स्कूलों में नो बैग डे रखा जाता है।
- उदयपुर के मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में संत पीपा शोध अध्ययन केन्द्र की स्थापना की जाएगी।
- राज्य के शिल्पकारों तथा बुनकरों के उत्थान के लिए जोधपुर में हस्तशिल्प एवं हथकरघा निदेशालय खोला जाएगा।
- **दादर धाम:**- जयपुर से करीब 18 किमी दूर जयरामपुरा गांव में स्थित दादर धाम दादू पंथ के प्रवर्तक श्री दादू दयाल के शिष्य जगजीवन की तपोस्थली है।





# रक्षा/विज्ञान प्रौद्योगिकी

## एनवीएस-1

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 29 मई 2023 को आन्ध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से जीएसएलवी-एफ 12 के जरिए देश की दूसरी पीढ़ी के पहले नेविगेशन उपग्रह एनवीएस-01 का सफल प्रक्षेपण किया। यह सेटेलाइट वर्ष 2016 में लॉन्च की गई IRNSS-1G को रिप्लेस करेगा। इसका इस्तेमाल स्थलीय, हवाई और समुद्री परिवहन, लोकेशन आधारित सेवाओं, निजी गतिशीलता, संसाधन निगरानी, सर्वेक्षण और भूगणित, वैज्ञानिक अनुसंधान, समय प्रसार और आपात स्थिति में किया जाएगा।

## एयर ड्रॉपेबल कंटेनर का सफल परीक्षण

- भारतीय नौसेना और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने 150 किलोग्राम की पेलोड क्षमता वाले एक एयर ड्रॉपेबल कंटेनर का सफल परीक्षण किया है, कंटेनर को IL 38SD विमान से गिराया गया था। परीक्षण का उद्देश्य तट से 2,000 किलोमीटर से अधिक की दूरी पर तैनात जहाजों के लिए महत्त्वपूर्ण इंजीनियरिंग स्टोर की आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु त्वरित प्रतिक्रिया प्रदान करके नौसैनिक परिचालन रसद क्षमताओं में सुधार करना था। इसका उद्देश्य पुर्जों को एकत्र और स्टोर करने के लिए जहाजों के लिए तट के करीब आने की आवश्यकता को कम करना भी है।

## आसियान-भारत समुद्री अभ्यास

- भारत-आसियान (दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ) सैन्य सहयोग का विस्तार करने के लिए पहला आसियान-भारत समुद्री अभ्यास (AIME-2023) 2-8 मई, 2023 को आयोजित किया गया। अभ्यास का बंदरगाह चरण 02-04 मई, 2023 को सिंगापुर में हुआ और दक्षिण चीन सागर में समुद्री चरण 07-08 मई, 2023 तक आयोजित हुआ।

## समुद्र शक्ति-23

- भारत और इंडोनेशिया के बीच द्विपक्षीय नौसैन्य अभ्यास समुद्र शक्ति- 23 का चौथा संस्करण 14 से 19 मई 2023 को आयोजित हुआ। इस अभ्यास का उद्देश्य भारतीय और इंडोनेशिया की नौसेनाओं के बीच अंतर-संचालनीयता, संयुक्तता तथा आपसी सहयोग को बढ़ाना है।
- **यह भी जानें:-** भारत और इंडोनेशिया के बीच अन्य अभ्यास गरुड़ शक्ति है, जो एक संयुक्त सैन्य अभ्यास है। भारत-इंडोनेशिया CORPAT भारत और इंडोनेशिया की नौसेनाओं के बीच एक समन्वित गश्त है, जिसका उद्देश्य अंडमान सागर एवं मलक्का जलडमरूमध्य में समुद्री सुरक्षा तथा सहयोग को बढ़ाना है।

## स्वदेशी हैवीवेट टॉरपीडो 'वरुणास्त्र'

- भारतीय नौसेना की महत्त्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में स्वदेशी रूप से डिजाइन एवं विकसित हेवीवेट टारपीडो वरुणास्त्र ने 6 जून 2023 को लाइव परीक्षण में अपनी प्रभावशीलता का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन के तहत नेवल साइंस एंड टेक्नोलॉजिकल लेबोरेटरी एवं भारत डायनेमिक्स लिमिटेड द्वारा निर्मित वरुणास्त्र लो ड्रिफ्ट नेविगेशनल सिस्टम, ध्वनिक होमिंग एवं स्वायत्त मार्गदर्शन एल्गोरिदम जैसी उन्नत सुविधाओं से युक्त है। परीक्षण के दौरान वरुणास्त्र ने सभी नौसैनिक युद्धपोतों हेतु गो-टू एंटी-सबमरीन टारपीडो के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करते हुए समुद्र के नीचे लक्ष्य को सटीक रूप से भेदकर उल्लेखनीय क्षमताओं का प्रदर्शन किया। टॉरपीडो वर्तमान में नौसेना के जहाजों पर लगे पुराने मॉडलों की जगह लेगा जो भारी वजन वाले टॉरपीडो को फायर करने की क्षमता रखते हैं। वरुणास्त्र के बेहतर विनिर्देशों में 40 समुद्री मील की अधिकतम गति और 600 मीटर की अधिकतम परिचालन गहराई शामिल है। यह बहु-चालन सुविधाओं के साथ लंबी दूरी की क्षमताओं से युक्त है, जो इसे शांत जल के नीचे खतरों को ट्रैक करने एवं लक्षित करने में अत्यधिक प्रभावी बनाता है।

### भारत-फ्रांस-यूएई समुद्री साझेदारी अभ्यास

- भारत, फ्रांस और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) समुद्री साझेदारी अभ्यास का पहला संस्करण 7-8 जून, 2023 को ओमान की खाड़ी में सम्पन्न हुआ, जिसमें आईएनएस तरकश, फ्रेंच शिप सरकॉफ, फ्रेंच राफेल विमान और यूएई नौसेना समुद्री गश्ती विमान की भागीदारी शामिल है। यह सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान पर बल देता है तथा भारत, फ्रांस एवं यूएई के बीच अधिक-से-अधिक नौसैनिक सहयोग का मार्ग प्रशस्त करता है।

### अग्नि प्राइम

- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) द्वारा 7 जून 2023 को ओडिशा तट के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि प्राइम' का सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया गया। अग्नि प्राइम, 1000 से 2000 किमी. के बीच की सीमा वाली दो चरणों वाली कनस्तरीकृत ठोस प्रणोदक बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसमें दोहरी नेविगेशन और मार्गदर्शन प्रणाली है। 11 हजार किग्रा वजन वाली यह मिसाइल अपने साथ परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है।

### सागर समृद्धि

- पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने सरकार की 'वेस्ट टू वेल्थ' पहल में तेजी लाने हेतु जून 2023 में ऑनलाइन निकर्षण/ड्रेजिंग निगरानी प्रणाली 'सागर समृद्धि' लॉन्च की है। ड्रेजिंग से तात्पर्य झीलों, नदियों, बंदरगाहों और अन्य जल निकायों के तल से तलछट और मलबे को हटाना है। उल्लेखनीय है कि प्रमुख बंदरगाहों और जलमार्गों पर वार्षिक रखर-खाव ड्रेजिंग लगभग 100 मिलियन क्यूबिक मीटर है, जिसके लिए भारतीय बंदरगाह तथा अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण द्वारा प्रतिवर्ष लगभग 1000 करोड़ रुपए खर्च किए जाते हैं।

### एकुवेरिन अभ्यास

- भारतीय सेना और मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल के बीच 11 से 24 जून, 2023 तक चौबटिया, उत्तराखंड में संयुक्त सैन्य अभ्यास 'एक्स एकुवेरिन' का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के जनादेश के अनुसार काउंटर इंसर्जेंसी/आतंकवाद विरोधी ऑपरेशन में इंटरऑपरेबिलिटी/अंतर संचालानीयता को बढ़ाना तथा संयुक्त मानवीय सहायता तथा आपदा राहत कार्यों को पूरा करना है।

### E 20

- E20 ईंधन यानी 20% इथेनॉल और 80% पेट्रोल का मिश्रण। E20 को भारत के प्रधानमंत्री द्वारा फरवरी 2023 में बेंगलूरू में लॉन्च किया गया था। इथेनॉल एक कृषि उप-उत्पाद है जो मुख्य रूप से गन्ने से चीनी के प्रसंस्करण से प्राप्त होता है, लेकिन यह चावल की भूसी या मक्का जैसे अन्य स्रोतों से भी प्राप्त होता है। यह कार्बन मा. ेनोऑक्साइड, हाइड्रोकार्बन और नाइट्रोजन ऑक्साइड के स्तर को कम करके वाहनों के टेलपाइप उत्सर्जन को कम करता है। साथ ही इंजन की कार्यक्षमता में सुधार करता है और जंग एवं जमाव को रोककर रख-रखाव की लागत को भी कम करता है।
- **चर्चा में क्यों:-** केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री ने हाल ही में कहा कि E20 जल्द ही देशभर में तेल विपणन कंपनियों के 1,000 बिक्री केंद्रों पर उपलब्ध होगा। राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन का उद्देश्य वर्ष 2030 तक 5 मिलियन मीट्रिक टन प्रतिवर्ष की उत्पादन क्षमता हासिल करना है।

### संशोधक

- भारतीय नौसेना के लिए L-T/GRSE द्वारा निर्मित किए जा रहे सर्वेक्षण वैसल्स (लार्ज) (SVL) परियोजना के चार जहाजों में से चौथे जहाज 'संशोधक' को चेन्नई के कट्टुपल्ली में लॉन्च किया गया। निर्माण रणनीति के अनुसार, पहला जहाज कोलकाता के GRSE में बनाया जाएगा और आउटफिटिंग चरण तक शेष तीन जहाजों के निर्माण के लिए कट्टुपल्ली के मैसर्स L-T शिपबिल्डिंग को उप-अनुबंधित किया गया है। परियोजना के पहले तीन जहाजों, संध्याक, निर्देशक और इक्षक को क्रमश: दिसम्बर, 2021, मई, 2022 और नवम्बर, 2022 में लॉन्च किया गया था।

### खान क्वेस्ट 2023

- 'अभ्यास खान क्वेस्ट 2023' के रूप में जाना जाने वाला शांति स्थापना हेतु बहुराष्ट्रीय संयुक्त अभ्यास 20 से अधिक देशों के सैन्य दल और पर्यवेक्षकों की भागीदारी के साथ मंगोलिया में 19 जून-2 जुलाई 2023 तक आयोजित किया गया। इस 14 दिवसीय अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना संचालन के लिए भाग लेने वाले देशों की अंतर-क्षमता को बढ़ाना, अनुभव साझा करना एवं वर्दीधारी कर्मियों को प्रशिक्षण देना है।

❑❑❑




## पंचकर्म संकल्प

- केन्द्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने केरल के मुन्नार में आयोजित मंत्रालय के दूसरे चिंतन शिविर में हरित शिपिंग और बंदरगाहों के डिजिटलीकरण के उद्देश्य से 22 मई 2023 को 'पंच कर्म संकल्प' की घोषणा की।

**ये हैं पंचकर्मः-**

1. पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ग्रीन शिपिंग को बढ़ावा देने के लिए 30 प्रतिशत वित्तीय सहायता प्रदान करेगा।
2. टग क्रय-ग्रीन टग ट्रांजिशन प्रोग्राम के तहत जवाहरलाल नेहरू पोर्ट, वीओ चिदंबरनार पोर्ट, पारादीप पोर्ट, दीनदयाल पोर्ट और कांडला दो-दो टग खरीदेंगे।
3. ग्रीन हाइड्रोजन हब- दीनदयाल पोर्ट और वीओ चिदंबरनार पोर्ट, तूतीकोरिन को ग्रीन हाइड्रोजन हब के रूप में विकसित किया जाएगा।
4. नदी और समुद्री यात्राओं की सुविधा देने और निगरानी के लिए सिंगल विंडो पोर्टल की व्यवस्था की जाएगी।
5. स्मार्ट पोर्ट- अगले वर्ष तक जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह और वीओ चिदंबरनार पोर्ट तूतीकोरिन 'स्मार्ट पोर्ट' बन जाएंगे।

## मुद्रा एवं वित्त पर रिपोर्ट 2022-23

- भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा मुद्रा एवं वित्त पर अपनी रिपोर्ट 2022-23 में किए गए एक अध्ययन के अनुसार जलवायु परिवर्तन हेतु भारत के अनुकूलन के लिए कुल संचयी व्यय वर्ष 2030 तक 85.6 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है। यह RBI का वार्षिक प्रकाशन है। रिपोर्ट का विषय 'टुवर्ड्स ए ग्रीनर क्लीनर इंडिया' है। यह भारत के लिए जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों और अवसरों एवं कम कार्बन तथा जलवायु-लचीले विकास पथ को प्राप्त करने में वित्तीय क्षेत्र की भूमिका पर केंद्रित है। इसका उद्देश्य भारत में व्यापक आर्थिक और वित्तीय विकास तथा उनके नीतिगत प्रभावों पर विश्लेषणात्मक अंतर्दृष्टि प्रदान करना है।

**रिपोर्ट की मुख्य विशेषताएंः-**

- रिपोर्ट का सुझाव है कि वर्ष 2070-71 तक भारत के कुल ऊर्जा उत्पादन में नवीकरणीय ऊर्जा की भागीदारी 80 प्रतिशत तक होनी चाहिए, जिसके लिए ऊर्जा उत्सर्जन में सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के लगभग 5 प्रतिशत सालाना की त्वरित कमी की आवश्यकता होगी।
- जलवायु घटनाओं के कारण होने वाले बुनियादी ढांचे के अंतर को दूर करने के लिए भारत का सकल घरेलू उत्पाद वर्ष 2030 तक हरित वित्तपोषण आवश्यकता हेतु सालाना कम-से-कम 2.5 प्रतिशत होने का अनुमान है।
- **RBI :-** भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के प्रावधानों के अनुसार 1 अप्रेल, 1935 को भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना हुई थी। मूलतः रिजर्व बैंक निजी स्वामित्त्व में था, लेकिन वर्ष 1949 में राष्ट्रीयकृत होने के बाद से यह भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्त्व में है। RBI के मामले एक केंद्रीय निदेशक मंडल द्वारा शासित होते हैं। बोर्ड की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम के अनुसार की जाती है।

## रिजर्व बैंक के स्वर्ण भंडार

- विदेशी मुद्रा भंडार के प्रबंधन पर भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) की अर्द्धवार्षिक रिपोर्ट के अनुसार अक्टूबर 2022 से मार्च 2023 तक वित्त वर्ष 2022-23 में RBI का स्वर्ण भंडार 794.64 मीट्रिक टन तक पहुँच गया, जो वित्त वर्ष 2021-22 (760.42 मीट्रिक टन) से लगभग 5% अधिक है।
- अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में आरक्षित अंश और विशेष आहरण अधिकार एवं विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों के साथ स्वर्ण भंडार भारत के विदेशी मुद्रा भंडार का निर्माण करते हैं। 31 मार्च, 2023 तक देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 578.449 बिलियन डॉलर था और स्वर्ण भंडार 45.2 बिलियन डॉलर आंका गया था। RBI ने वित्त वर्ष 2023 में 34.22 टन स्वर्ण (वित्त वर्ष 2022 में 65.11 टन स्वर्ण) खरीदा।

## दो हजार रुपए का नोट प्रचलन से बाहर

- भारतीय रिजर्व बैंक ने 19 मई, 2023 को घोषणा की कि वह 2000 रुपए मूल्यवर्ग के नोटों को प्रचलन से वापस ले लेगा। हालांकि, मौजूदा नोट लीगल टेंडर बने रहेंगे। RBI ने एक उदार समय-सीमा प्रदान की है, जिससे व्यक्ति 30 सितम्बर, 2023 तक नोट जमा या विनिमय कर सकते हैं। यह कदम RBI की क्लीन नोट पॉलिसी का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य जनता को बेहतर सुरक्षा सुविधाओं के साथ उच्च गुणवत्ता वाले करेंसी नोट एवं सिक्के प्रदान करना है।

## ग्रीनवॉशिंग टेकस्प्रिंग

- भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ग्लोबल फाइनेंशियल इनोवेशन नेटवर्क (GFIN) के पहले ग्रीनवॉशिंग टेकस्प्रिंट में भाग लेने वाले 13 अंतरराष्ट्रीय नियामकों में शामिल होगा। यह 5 जून से शुरू होकर सितम्बर, 2023 तक चलेगा। ग्रीनवाशिंग टेकस्प्रिंट का आयोजन GFIN द्वारा किया जाता है, जो उपभोक्ताओं के लाभ के लिए वित्तीय नवाचार का समर्थन करने को प्रतिबद्ध 80 से अधिक अंतरराष्ट्रीय संगठनों का एक संघ है। GFIN की अध्यक्षता वर्तमान में यूनाइटेड किंगडम में एक अग्रणी नियामक निकाय वित्तीय आचरण प्राधिकरण कर रही है। टेकस्प्रिंट का लक्ष्य एक ऐसा उपकरण या समाधान विकसित करना है जो नियामकों और बाजार को वित्तीय सेवाओं में ग्रीनवाशिंग के जोखिमों से निपटने में प्रभावी रूप से मदद कर सके।
- **ग्रीनवॉशिंग:**- ग्रीनवॉशिंग का आशय स्थिरता या पर्यावरण के अनुकूल भ्रामक छवि पेश करने के लिए किसी उत्पाद, सेवा या कंपनी के पर्यावरणीय लाभों के बारे में झूठे या अतिशयोक्तिपूर्ण दावा करने से है। यह एक प्रकार का भ्रामक विपणन है जिसका उददेश्य पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों और प्रथाओं के लिए बढ़ती उपभोक्ता मांग का फायदा उठाना है।

## RVNL को नवरत्न का दर्जा

- रेल मंत्रालय के तहत केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम रेल विकास निगम लिमिटेड (RVNL) को नवरत्न का दर्जा दिया गया है। इस कंपनी को वर्ष 2003 में रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को लागू करने और विशेष प्रयोजन वाहनों के लिए अतिरिक्त बजटीय संसाधन जुटाने के लिए स्थापित किया गया था।
- **यह भी जानें:**- नवरत्न का दर्जा भारत सरकार द्वारा चुनिंदा सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (PSEs) को दी गई एक मान्यता है, जिनके पास वित्तीय और परिचालन स्वायत्तता है। यह स्थिति PSEs को केंद्र सरकार से बिना किसी अनुमोदन के 1000 करोड़ रुपए तक का निवेश करने में सक्षम बनाती है, जिससे वे निर्णय लेने, कार्मिक प्रबंधन और संयुक्त उपक्रमों में अधिक लचीलापन ला सकें।

## अन्तर्दृष्टि

- भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने जून 2023 में भारत में वित्तीय समावेशन की प्रगति की निगरानी और मूल्यांकन करने के उद्देश्य से एक वित्तीय समावेशन डैशबोर्ड 'अन्तदृष्टि' लॉन्च किया है। डैशबोर्ड का प्राथमिक उद्देश्य प्रमुख मेट्रिक्स और संकेतकों का विश्लेषण करके वित्तीय समावेशन की वर्तमान स्थिति का आकलन करना तथा ध्यान देने की आवश्यकता वाले क्षेत्रों की पहचान करने और लक्षित हस्तक्षेपों को लागू करने में नीति निर्माताओं एवं हितधारकों को सक्षम बनाना है




## क्रिकेट

### चेन्नई सुपरकिंग्स आईपीएल विजेता

- भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के टी-20 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 16वें संस्करण का खिताब चेन्नई सुपरकिंग्स ने जीता। महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी में 29 मई 2023 को खेले गए फाइनल मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स ने गत विजेता गुजरात टाइटंस को डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर 5 विकेट से पराजित किया।
- **लीग मैचों के पश्चात प्लेऑफ दौर पर पहुंचने वाली 4 टीमें:-** गुजरात टाइटंस, चेन्नई सुरपकिंग्स, लखनऊ सुपर जायट्ंस और रायल चैलेंजर्स बेंगलूरू।
- **सर्वाधिक रन के लिए 'ऑरेंज कप'-** शुभमन गिल (गुजरात टाइटंस)
- **सर्वाधिक विकेट के लिए 'पर्पल कैप'-** मोहम्मद शमी (गुजरात टाइटंस)
- **इमर्जिंग प्लेयर ऑफ सीजन** - यशस्वी जायसवाल (राजस्थान रॉयल्स)

## टेनिस

### फ्रेंच ओपन 2023

- ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट फ्रेंच ओपन का आयोजन 28 मई-11 जून, 2023 को पेरिस में किया गया। प्रतियोगिता में पुरुष एकल का खिताब नोवाक जोकोविच और महिला एकल का खिताब इगा स्वियाटेक ने जीता।

**ये रहे विजेता:-**

**पुरुष एकल :- विजेता** - नोवाक जोकोविच (सर्बिया)
**उपविजेता** - कैस्पर रूड (नॉर्वे)

**महिला एकल:- विजेता**- इगा स्वियाटेक (पोलैंड)
**उपविजेता**- कैरोलिना मुचोवा (चेक गणराज्य)

**पुरुष युगल :- विजेता** - इवान डोडिग (क्रोएशिया) और ऑस्टिन क्राजिसेक (अमेरिका)
**उपविजेता**-सैंडर गिले और जोरान व्लीगेन (दोनों बेल्जियम)

**महिला युगल:- विजेता**-सीह सू वेई (चीनी ताइपे) और वांग शिनयु (चीन)
**उपविजेता**- टेलर टोसेंड (अमेरिका) और लेलाह फर्नांडीज (कनाडा)

**मिश्रित युगल:- विजेता** - मियू काटो (जापान) और टिम पुट्ज (जर्मनी)
**उपविजेता**-बियांका एंड्रीस्कू (कनाडा) और माइकल वीनस (न्यूजीलैंड)

## निशानेबाजी

### ISSF विश्वकप

- भारत के सरबजोत सिंह और टीएस दिव्या ने अजरबैजान के बाकू में आयोजित ISSF विश्व कप में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्द्धा में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने सर्बिया के दामिर माइकेक और जोराना अरुणोविक को हराकर यह पदक प्राप्त किया।

## बैडमिंटन

### मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन चैम्पियनशिप

- भारत के एच.एस. प्रणॉय ने मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। 28 मई 2023 को कुआलालम्पुर में खेले गए मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में एच. एस. प्रणॉय ने चीन के वेंग होंगयेंग को हराकर अपना पहला बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब जीता।

### इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन चैम्पियनशिप

- भारत के सात्विक साईराज रैंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने 18 जून 2023 को इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का पुरुष युगल का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। यह किसी सुपर-1000 इवेंट का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय जोड़ी है। फाइनल में सात्विक और चिराग की जोड़ी ने मलेशिया के एरोन चिया और सो वूई यिक को पराजित किया।

## तीरंदाजी

### एशिया कप विश्व रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता

- उज्बेकिस्तान के ताशकंद में 29 अप्रैल से 5 मई 2023 तक आयोजित एशिया कप विश्व रैंकिंग तीरंदाजी टूर्नामेंट चरण दो में भारत ने कुल 14 पदक (7 स्वर्ण, 5 रजत और 2 कांस्य) जीते।

**भारत के पदक विजेता:-**

- **स्वर्ण**- अभिषेक वर्मा (कंपाउंड पुरुष एकल), रागिनी मार्कू (कंपाउंड महिला एकल), अमित, कुशल दलाल और अभिषेक वर्मा (कंपाउंड पुरुष टीम), परणीत कौर, रागिनी मार्कू और प्रगति (कंपाउंड महिला टीम), परणीत कौर और अभिषेक वर्मा (कंपाउंड मिश्रित टीम), मृणाल चौहान, तुषार प्रभाकर, शेल्के और जयंत तालुकदा (रिकर्व पुरुष टीम), संगीता और मृणाल चौहान (रिकर्व मिश्रित टीम)
- **रजत**- प्रगति (कंपाउंड महिला एकल), अमित (कंपाउंड पुरुष एकल), मृणाल चौहान (रिकर्व पुरुष एकल), संगीता (रिकर्व महिला एकल), संगीता, मधु वेदवान और तनीशा वर्मा (रिकर्व महिला टीम)
- **कांस्य** - कुशल दलाल (कंपाउंड पुरुष एकल), परणीत कौर (कंपाउंड महिला एकल)।

## कबड्डी

### एशियाई कबड्डी चैम्पियनशिप

- रिपब्लिक ऑफ कोरिया के बुसान में 27-30 जून 2023 को आयोजित एशियाई कबड्डी चैम्पियनशिप में भारत ने ईरान को 42-32 से हराकर खिताब जीता। टूर्नामेंट में छह देशों (भारत, ईरान, दक्षिण कोरिया, जापान, चीनी ताईपे और हांगकांग) ने भाग लिया। भारतीय टीम के कप्तान पवन सहरावत थे।

## शतरंज

### विश्व शतरंज चैम्पियनशिप

- विश्व शतरंज चैम्पियनशिप का आयोजन 9-30 अप्रेल 2023 को कजाखस्तान में किया गया। चीन के डिंग लिरेन ने रूस के इयान नेपोमनियाच्ची को हराकर खिताब जीता।

## मुक्केबाजी

### पुरुषों की विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप

- ताशकंद में 30 अप्रेल से 14 मई 2023 तक आयोजित पुरुषों की विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत के दीपक भोरिया (51 किग्रा.) ने रजत, हुसामुद्दीन (57 किग्रा.) और निशांत देव (71 किग्रा.) ने कांस्य पदक जीते।

## हॉकी

### पुरुष व महिला जूनियर हॉकी एशिया कप

- **पुरुष जूनियर हॉकी एशिया कप:**- 23 मई से 1 जून 2023 तक ओमान में आयोजित पुरुष जूनियर हॉकी एशिया कप भारत ने पाकिस्तान को 2-1 से हराकर जीता। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट पाकिस्तान के अब्दुल रहमान को तथा गोलकीपर ऑफ द टूर्नामेंट भारत के एच एस मोहित को चुना गया।
- **महिला जूनियर हॉकी एशिया कप:**- 3-11 जून 2023 तक काकीमिगाहारा, जापान में आयोजित महिला जूनियर हॉकी एशिया कप भारत ने दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराकर जीता।

## बास्केटबॉल

### फीबा 3*3 विश्व कप

- फीबा 3*3 विश्वकप का आयोजन 30 मई से 4 जून 2023 के दौरान ऑस्ट्रिया के वियना में किया गया। टूर्नामेंट में 40 टीमों ने भाग लिया। पुरुष वर्ग का खिताब सर्बिया ने संयुक्त राज्य अमेरिका को हराकर जीता, वहीं महिला वर्ग का खिताब अमेरिका ने फ्रांस को हराकर जीता।

## अन्य

### खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2023

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मई 2023 में लखनऊ, उत्तर प्रदेश में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (KIUG) के तीसरे संस्करण का वर्चुअल उद्घाटन किया। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के तीसरे संस्करण के शुभंकर का नाम जीतू रखा गया है, जो उत्तर प्रदेश के राजकीय पशु स्वैंप डियर (बारहसिंघा) का प्रतिनिधित्व करता है।
- उल्लेखनीय है कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का पहला संस्करण वर्ष 2020 में ओडिशा में आयोजित हुआ था तथा दूसरा संस्करण वर्ष 2022 में बेंगलूरू, कर्नाटक में आयोजित किया गया था।
- **खेलो इंडिया कार्यक्रम:**- खेलो इंडिया अर्थात् 'लेट्स प्ले इंडिया' को वर्ष 2017 में भारत सरकार द्वारा जमीनी स्तर पर विद्यार्थियों के साथ जुड़कर भारत की खेल संस्कृति को पुनर्जीवित करने के लिए प्रस्तावित किया गया था। इसे युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित किया जाता है।

### रोनाल्डो के 200 मैच

- पुर्तगाल के फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो 200 अन्तरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले विश्व के पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने यह उपलब्धि आइसलैंड के खिलाफ यूरोपीय चैम्पियनशिप क्वालीफाइंग मैच के दौरान प्राप्त की। वे अपने अन्तरराष्ट्रीय कॅरियर में 123 गोल कर चुके हैं।

### भवानी देवी

- चीन के वुक्सी में एशियाई तलवारबाजी चैम्पियनशिप में भारत की सी.ए. भवानी देवी ने कांस्य पदक जीता। यह उपलब्धि हासिल करने वाली वे पहली भारतीय तलवारबाज हैं।



अभ्यर्थी से अधिकारी बनने की दिशा में एक नई पहल

**Samyak** Presents **विद्याश्री**

An Institute For Civil Services

प्रतिभा को प्रोत्साहन

## "विशेष योजना के अन्तर्गत विशेष बैच"

# RAS

## FOUNDATION

**Offline**
~~95,000/-~~
Special Fee
**51,000/-***

**Live From Classroom**
~~35,000/-~~
Special Fee
**11,000/-***

## PRELIMS

**Live From Classroom**
~~12,500/-~~
Special Fee
**5,100/-***

## 3 YEARS RAS COURSE

Along With Graduation

**Offline**
~~140,000/-~~
Special Fee
**51,000/-***

**Live From Classroom**
~~50,000/-~~
Special Fee
**11,000/-***

विद्याश्री बैच प्रारम्भ
**01 अगस्त 2023**

**ADMISSION OPEN**

Special Fee केवल विद्याश्री बैच हेतु

Download & Join
Online Course Available On
**SAMYAK APP**

*शर्तें लागू

H.O.: SAMYAK, Riddhi Siddhi, Jaipur 9875170111

Download on the App Store | GET IT ON Google Play | Download from Windows Store